ISSN-0971-8397

विकास को समर्पित मासिक

योजना

नवम्बर, 2003

मूल्य : 7 रुपये



बाल दिवस पर विशेष

बच्चों से मुझे प्रेम है और वह बढ़ता ही गया है।

--नेहरूजी

योजना

वर्ष : 47 अंक 8 नवम्बर, 2003 कार्तिक–अग्रहायण, शक–संवत् 1925

प्रधान संपादक
विश्वनाथ रामशेष

संपादक
राजेन्द्र राय

उप संपादक
रेमी कुमारी

संपादकीय कार्यालय
कमरा नं. 538 ए, योजना भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली–110 001
दूरभाष : 23096738, 23717910
23096666 / 2508, 2566
ई–मेल : yojana@techpilgrim.com
www.publicationsdivision.nic.in
a) dpd@nic.in
b) dpd@hub.nic.in

संयुक्त निदेशक (उत्पादन)
डी.एन. गांधी

व्यापार प्रबंधक
जगदीश प्रसाद
दूरभाष : 23387069
दूरभाष फैक्स : 23387983

आवरण
दीपायन मैत्रा

इस अंक में

- बच्चों के प्यारे – गुलाब वाले चाचा नेहरू — देवेन्द्र कुमार — 4
- बच्चों की भाषा में लिखा गया विज्ञान साहित्य — प्रकाश मनु — 8
- बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति और समाज — कौशलेन्द्र प्रपन्न — 15
- आशियान के साथ घनिष्ठ संबंधों की शुरुआत — नवीन पंत — 20
- कानकुन में एक–दूसरे की चिंताओं को समझने का स्तर बढ़ा — अरुण जेटली — 24
- फिर टकराए अमीरों और गरीबों के हित — अनन्त मित्तल — 26
- झारखंड में तसर रेशम उद्योग की दशा एवं दिशा — ललन कुमार चौबे, गार्गी — 30
- उत्तर प्रदेश एवं उत्तरांचल की थारु जनजाति — रूपेश कुमार सिंह — 35
- मंथन – शिक्षा और साक्षरता — आभा श्रीवास्तव — 40
- जहां चाह, वहां राह – ग्रामीण बालिकाओं के लिए बेमिसाल उदाहरण – स्व उत्थान — ममता भारती — 43
- स्वास्थ्य चर्चा — – — 45

योजना हिन्दी के अतिरिक्त **असमिया, बंगला, अंग्रेजी, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, उड़िया, पंजाबी, तेलगू** तथा **उर्दू** भाषाओं में भी प्रकाशित की जाती है। नई सदस्यता के नवीकरण, पुराने अंकों की प्राप्ति एवं एजेंसी आदि के लिए मनीआर्डर / डिमांड ड्राफ्ट / पोस्टल आर्डर 'निदेशक, प्रकाशन विभाग' के नाम से बनवा कर निम्न पते पर भेजें :–

विज्ञापन एवं प्रसार व्यवस्थापक, प्रकाशन विभाग, ईस्ट ब्लाक IV, लेवल VII, आर.के. पुरम, नई दिल्ली–110 066 टेलीफोन : 26100207, 26105590

चंदे की दरें : वार्षिक : 70 रु.; **द्विवार्षिक** : 135 रु.; **त्रैवार्षिक** : 190 रु.; विदेशों में **वार्षिक** दरें : **पड़ोसी देश** : 500 रु.; **यूरोपीय एवं अन्य देश** : 700 रु.

'योजना' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि ये लेखक भारत सरकार के जिन मंत्रालयों, विभागों अथवा संगठनों से सम्बद्ध हैं, उनका भी यही दृष्टिकोण हो।

संपादकीय

नेहरूजी कहा करते थे, 'मुझे बड़ा दुख होता है, जब मैं कहीं देखता या सुनता हूं कि हमारे छोटे बच्चों की देखभाल ठीक नहीं होती। क्योंकि असल में भारत की दौलत उसके बच्चे हैं। अगर उनकी देखभाल हम ठीक न करें, उनके खाने–पीने, कपड़े, पढ़ाई और स्वास्थ्य की देखभाल न करें तो कल का आने वाला भारत पिछड़ा हुआ होगा। यह बात नहीं होनी चाहिए।' और शायद इसलिए ही बच्चे नेहरूजी के राष्ट्र निर्माण की योजनाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे, वैचारिक स्तर पर ही नहीं व्यावहारिक अमल के समय भी उन्होंने बच्चों को लेकर नई–नई योजनाएं बनाईं। नेहरूजी का मानना था कि बच्चों को सिर्फ औपचारिक स्कूली शिक्षा ही नहीं, अपनी रचनात्मकता को विकसित करने के साधन भी उपलब्ध होने चाहिए।

14 नवम्बर नेहरूजी का जन्म दिवस है लेकिन देश के बच्चे उसे 'बाल दिवस' के रूप में ही जानते हैं।

14 नवम्बर चाचा नेहरू के जन्म दिवस जिसे पूरे देश में 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है के अवसर पर इस अंक में विशेष सामग्री दी गई है।

आज के बच्चों के समक्ष कई चुनौतियां हैं, कई तरह के दबाव भी हैं जिससे वे अक्सर कुंठित हो या तो घर छोड़ जाते हैं अथवा आत्महत्या तक कर लेते हैं। इन घटनाओं के तह में जाएं तो मनोवैज्ञानिक, पारिवारिक, सामाजिक दबाव आदि घटक के रूप में नज़र आते हैं। बच्चों के लिए दबावमुक्त वातावरण निर्मित करना हर व्यक्ति, परिवार और समाज का पहला उत्तरदायित्व होना चाहिए ताकि उनका संपूर्ण, समुचित एवं संतुलित विकास हो सके। इस संदर्भ में हमें बच्चों को कुछ सिखाने की बजाय एक अच्छे मार्गदर्शक की भूमिका निभाने भर की आवश्यकता है। 'बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति और समाज' लेख में इस पर ही चर्चा की गई है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए साहित्य एक आवश्यक जरिया है। आज का युग 'विज्ञान युग' है। बिना अच्छे विज्ञान साहित्य के कोई भाषा अपने को मुक्कमल नहीं मान सकती। विज्ञान साहित्य न सिर्फ आज की जरूरत है बल्कि इसके सामने कई चुनौतियां भी हैं। बाल विज्ञान साहित्य के संबंध में विशेष लेख आप पढ़ सकेंगे अंक में शामिल लेख 'बच्चों की भाषा में लिखा गया विज्ञान साहित्य' में।

बाली में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आशियान देशों के साथ आर्थिक संबंधों की शुरुआत की है। वाजपेयीजी के इस प्रयास के सफल होने के बाद इस क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि का नया युग शुरू होने की संभावना जतायी जा रही है। इन संबंधों एवं समझौतों के बारे में तथ्यपरक लेख अंक में प्रस्तुत है।

विश्व व्यापर संगठन (डब्ल्यूटीओ) की पांचवीं मंत्रीस्तरीय बैठक की विशेषता यह रही कि व्यापार संगठन की अब तक की हुई सभी बैठकों के मुकाबले विकासशील देश इस बार कहीं ज्यादा मुखर रहे और उन्होंने वैसे सभी प्रस्तावों का डटकर विरोध किया जिससे उनके हितों को आंच पहुंचने की गुंजाइश थी।

भारत में लगभग 65 प्रतिशत आबादी रोजगार, कृषि और उसी से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है। सकल राष्ट्रीय उत्पाद में भी कृषि क्षेत्र का 30 प्रतिशत योगदान है। कमोबेश यही स्थिति अन्य विकासशील देशों की भी है। इसलिए वे कृषि पर सब्सिडी को लेकर इतने संवेदनशील हैं। कानकुन में हमने क्या खोया और क्या पाया की जानकारी एवं विशेषज्ञों के विचार के साथ 'योजना' आपके समक्ष प्रस्तुत हो रही है।

'मंथन' नामक हमारा नया एवं स्थाई स्तंभ पाठकों द्वारा अत्यंत पसंद किया जा रहा है। इसके अंतर्गत इस बार चर्चा है, शिक्षा और साक्षरता की। शिक्षा को वह प्रकाश माना गया है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रकाशित करने की सामर्थ्य रखता है। शिक्षा का अर्थ है – व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास लेकिन आज शिक्षा के मायने ही बदल गए हैं। इसी पर अंक में चर्चा की गई है।

'योजना' का आगामी अंक कृषि पर केंद्रित होगा। भारतीय कृषि की दशा, दिशा, समस्या, भूमि प्रबंधन, कृषि क्षेत्र में हो रहे अभिनव प्रयोगों आदि विषयों पर लेख शामिल होंगे।

आपकी राय

(संदर्भित अंक–अगस्त 2003)

सर्वश्रेष्ठ पत्र

आइए! राष्ट्र निर्माण में सहयोग दें

अगस्त विशेषांक पढ़ा। आजादी के 56 वर्षों की हमारी शिक्षा–यात्रा उत्तरोत्तर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। हमने शिक्षा, विकासदर, मुद्रा–भंडार, आर्थिक–संवृद्धि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समेत जीवन के विविध क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को स्पर्श किया है। पर अभी भी गरीबी, बेरोजगारी, स्वच्छ पेयजल और मानवीय विकास का पहलू और क्रियान्वयन का भ्रष्ट कार्यस्तर एक अहम् प्रश्नचिह्न है, हमारे विकास के बड़े–बड़े दावों पर। पर आशा की किरण समाप्त नहीं हुई है; बल्कि ज्ञान आधारित भारतीय समाज (प्रबुद्ध वर्ग विशेषतः) और परिपक्व लोकतंत्र हमें आश्वस्त करते हैं। हम निश्चय ही कामयाब होंगे – अपने मिशन में, विकसित भारत के सृजन में। यह हकीकत हमें अपने श्रम से साकार करना है। आइए, राष्ट्र–निर्माण, सामाजिक सौहार्द्र और सरकार की विकास योजनाओं में समर्पित सहयोग दें। हम ज्ञान, सहिष्णुता, प्रेम व श्रम का प्रसार करें और राष्ट्र की धारा को अपने श्रम–बिन्दु से उत्फुल्ल करें। ईमानदारीपूर्ण कार्यस्तर एवं समर्पण से सब कुछ संभव है। अतः हम कामयाब होंगे, ऐसा विश्वास है।

–उमेश चन्द्र राय, इलाहाबाद (उ.प्र.)

गागर में सागर

'योजना' के *अगस्त 2003* के अंक में संपादकीय सहित सभी लेख रोचक, सारगर्भित एवं महत्वपूर्ण हैं। अंक के आर्थिक लेख जैसे हरजीत अहलूवालिया का 'नई धारा के आर्थिक विकास में वित्तीय क्षेत्र का योगदान', जी. श्री निवासन का लेख जो 'कार्पोरेट क्षेत्र' को फोकस करता है, जितेन्द्र गुप्त का लेख, जो 1999–2003 के वर्षों को आर्थिक विकास की एक नई परम्परा के दृष्टिगत होता है; पेट्रोलियम मंत्री रामनाइक का लेख जो तेल की आत्मनिर्भरता को दर्शाते हुए इस दिशा में विकास को इंगित करता है तथा के. राजेन्द्र नायर का लेख जो भारत के कपड़ा उद्योग के बारे में महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्द्धक सामग्रियां उपलब्ध कराता है, प्रतियोगी परीक्षाओं और आर्थिक तथा अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के अध्ययन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।

के. वेकट सुब्रमण्यन का लेख 'चेतन समाज के रूप में भारत' भारत की भावी संभावनाओं और आकांक्षाओं को स्पष्ट करता है जिसे भविष्य में प्राप्त किया जा सकता है। जो असंभव नहीं अपितु अपेक्षित है। मृदुला सिन्हा और राजीव शर्मा के लेख भारत की मानवीय शक्ति, उसके विकास और उच्च कल्याण स्तर की संभावना को दर्शाते हैं।

एस.ए. खादर तथा राजेन्द्र प्रभु के लेख भारत की प्रौद्योगिकी तथा उसकी वैश्विक स्थिति एवं उपलब्धियों को रेखांकित करते नजर आते हैं।

के.के. खुल्लर का लेख 'भारत के 56 साल' महत्वपूर्ण ज्ञान देता है। अंतिम दो लेख के.जी. जोगलकर तथा एस सेथुरमन के लेख वाजपेयी सरकार की सकारात्मक उपलब्धियों की समीक्षा करते हैं।

यह विशेषांक 'गागर में सागर' जैसा है इसमें आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक सभी लेख समाहित किए गए हैं। इस विशेषांक की तारीफ कितनी भी करें कम है।

–सत्येन्द्र पूजन प्रताप त्रिपाठी, इलाहाबाद

गंभीरता से प्रयास करें

भारत ने आजादी के बाद 56 वसंत देखे हैं। इन वर्षों में हमने राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक क्षेत्रों की आधारभूत संरचना में काफी विकास कर लिया है। आजादी के दिनों में महिला शिक्षा, बंधुआ मजदूर, ऊंच–नीच, समाज के सभी व्यक्तियों को समान अधिकार, यातायात के साधन आदि जैसे विषय स्वप्न समझे जाते थे, वे आज एक सामान्य–सी बातें हैं। किंतु इतना सब करने के बाद भी हम पिछड़े देश क्यों हैं? हालांकि कागजों में हम 'विकासशील' के नाम से जाने जाते हैं। आज हमारी एक तिहाई जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे गुजर–बसर कर रही है। देश में औसत रूप में सड़कें, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं स्तरहीन हैं। विकास का केन्द्रीकरण शहरों के पास हुआ, गांव इससे आज भी अछूते हैं। गांवों और शहरों के बीच विकास असंतुलन बढ़ा है। अतः आज आवश्यकता यह है कि हम इन प्रश्नों को हल करने के लिए गंभीरता से प्रयास करें। आज यह निश्चित करना आवश्यक है कि विकास से लोकतंत्र की अंतिम इकाईयां लाभान्वित हों। एक स्वतंत्र खुशहाल भारत बनने के लिए यह जरूरी है कि हमारे यहां आर्थिक, राजनैतिक भ्रष्टाचार खत्म हो, लोग शिक्षित, स्वस्थ्य हों, उनके पास करने को काम हो, गांवों का विकास हो तभी बात बनेगी।

–रोहित कुमार सिंह, पटना (बिहार)

महिलाएं आगे आ रही हैं

भारतीय अर्थव्यवस्था को परिलक्षित करते हुए आवरण पृष्ठ से सुसज्जित अगस्त अंक से हस्तगत हुआ। आद्योपांत पढ़ने के पश्चात यह कहने में सर्वथा अतिश्योक्ति नहीं है कि 'योजना' का यह अंक 'हमारी अर्थव्यवस्था के विकास का एक दर्पण' है जिसमें इस देश की सारी बातें प्रतिबिम्बित एवं स्पष्ट दिखाई दे रही हैं।

अन्य उपयोगी एवं सार्थक लेखों के अलावा सी जयंती का 'आर्थिक विकास के नए परिवेश में महिला उद्यमियों का योगदान' आलेख में महिलाओं की भागीदारी से सम्बन्धित अच्छी जानकारी मिलती है। वास्तव में आज भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा गांवों को सशक्त करने के लिए जितनी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनमें महिलाएं बड़ी तेजी से आगे आकर हाथ बंटा रही हैं एवं योजनाओं का पूरा लाभ उठा रही हैं। अनेक स्वयं सेवी समूहों द्वारा यह कार्य और आसान होता जा रहा है।

–दिलीप कुमार जायसवाल, चिरैयाकोट, मऊ (उ.प्र.)

बच्चों के प्यारे – गुलाब वाले चाचा नेहरू

○ देवेन्द्र कुमार

देश के बच्चे नेहरूजी के राष्ट्र निर्माण की योजनाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे, सिर्फ विचार के स्तर पर ही नहीं कार्य और व्यावहारिक अमल के समय भी उन्होंने बच्चों को लेकर नई–नई योजनाएं बनाईं और उन पर काम शुरू हुआ। पचास के दशक में राष्ट्रीय बाल भवन की नींव रखी गई। इसके पीछे नेहरूजी का विचार था कि बच्चों को केवल औपचारिक स्कूली शिक्षा ही नहीं, उसके साथ खेलने का उन्मुक्त वातावरण तथा अपनी रचनात्मकता को विकसित करने के साधन भी उपलब्ध होने चाहिएं।

बच्चों के नाम अपने एक पत्र में जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है –

'अगर तुम मेरे साथ होते तो मैं तुमसे इस खूबसूरत दुनिया के बारे में बातें करना पसंद करता। मैं तुमसे फूलों, पेड़ों, परिन्दों और जानवरों, सितारों और पहाड़ों, हिम की नदियों और ऐसी दूसरी अनोखी चीजों के बारे में बातें करता जो हमारे इर्द–गिर्द हैं, हमें घेरे हुए हैं। ..... तुमने बहुत–सी परी कथाएं और पुराने जमाने की कहानियां पढ़ी होंगी। लेकिन आज तक जितनी भी परी कथांए या साहस की कहानियां लिखी गई हैं उनमें सबसे ज्यादा दिलचस्प और बड़ी कहानी तो यह दुनिया है। जरूरत सिर्फ इस बात की है कि उसे पढ़ने के लिए आंखें, सुनने के लिए कान और एक ऐसा दिमाग चाहिए जो जिंदगी और दुनिया की खूबसूरती को बेरोकटोक अपने–आप में समेटने के लिए तैयार हो।'

बच्चों के बीच जाकर बातें करने और उनके साथ हंसने–खिलखिलाने के लिए आज नेहरूजी नहीं हैं लेकिन इस दुनिया में जब तक हंसते–मुस्कुराते बच्चे और गुलाब मौजूद हैं उनकी याद बनी रहेगी। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का नाम आते ही जो दो चित्र सबसे पहले आंखों में आते हैं वे हंसते हुए बच्चों का और स्वयं उनका अपना है जिसमें नेहरूजी अपनी अचकन के बटन होल में सुर्ख गुलाब का फूल लगाए खड़े मुस्कुरा रहे हैं। यह आकस्मिक संयोग नहीं है कि नेहरूजी को बच्चे और गुलाब प्रिय थे। गुलाब के ताजे फूल और हंसते हुए बच्चे एक दूसरे के पर्याय ही तो हैं।

बच्चों को दुलारते चाचा नेहरू

नेहरूजी बच्चों से कितना प्यार करते थे, इसके एक नहीं अनेक उदाहरण हैं। सबसे बड़ा तो स्वयं उनका जन्मदिन है जो चौदह नवंबर को पड़ता है। इसे उनकी इच्छा के अनुरूप बच्चों के राष्ट्रीय त्योहार यानी 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। बाल दिवस आधुनिक, स्वाधीन

भारत में बच्चों का अपना ऐसा पर्व है जो देश भर में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है।

बच्चों के साथ इस गहराई से जुड़कर उन्हें प्यार करने वाला कोई दूसरा राजनेता दुनिया में दूसरा शायद ही कोई हुआ हो। लेकिन इसका मतलब यह कदापि नहीं कि अन्य कोई राजनेता बच्चों से प्यार नहीं कर सकता। भला ऐसा कौन होगा जिसे बच्चे प्यारे न हों। यह बात कहने का अर्थ यही है, जितना बड़ा नेता उसकी व्यस्तता और उलझन उतनी ही अधिक होती है। ऐसे में सबकुछ भुलाकर खुद को बच्चों से जोड़े रखना और बच्चों के बीच जाकर खुद बच्चों की तरह महसूस करना, हंसना–खिलखिलाना कोई आसान काम नहीं होता। यह नेहरूजी ने बार–बार और लगातार किया, क्योंकि उन्हें बच्चों से सचमुच गहरा लगाव था। वह लगातार उनके बारे में सोचते और बात करते थे।

हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारा देश विश्व राजनीति के एक कठिन दौर में स्वाधीन हुआ था। आजादी की खुशी के साथ देश के खौफनाक बंटवारे का दर्द मिला। लाखों बूढ़े, जवान, औरतें और बच्चे बेघर, बेआसरा होकर आने पर विवश हुए थे। वह समय आज़ादी का जश्न मनाने का नहीं दुखियों के आंसू पोंछकर उन्हें हिम्मत बंधाने का था। पूरा देश इस पुनर्वास के काम में लग गया। अभी यह समस्या सुलझी भी नहीं थी कि सीमा पार से कश्मीर में आक्रमण हो गया। इस राष्ट्रीय संकट की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दी। समस्याएं बड़ी और गम्भीर थी। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद दुनिया का नक्शा बदल गया था। पूरा विश्व दो महाशक्तियों के प्रभाव क्षेत्रों में बंट गया था। ऐसे में भारत जैसे देश के लिये अपनी अस्मिता बचाये रखकर पुनर्निमाण के साथ नवनिर्माण की प्रक्रिया को बढ़ाना एक महान लक्ष्य था।

साधनहीनता और समस्याओं का घटाटोप। सब कुछ आंरभ से आंरभ करना था – गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी तथा अन्य कई मोर्चों पर देश को जूझना था। लेकिन नेहरू अदम्य साहसी और दूरदर्शी थे और सबसे बढ़कर वह थे एक स्वप्नजीवी। अपने सपनों को पूरा करने की कठिन चुनौती सामने थी। उसमें उलझे रहने के बावजूद वह जब तक थोड़ा समय निकालकर बच्चों के बीच जाकर, या उन्हें अपने पास बुलाकर हंसने खिलखिलाने और बच्चों को नई–नई बातें बताने का अवसर खोज ही लेते थे। बच्चों से उनकी निकटता राजनीति के इस कठिन दौर में निरंतर बनी रही।

बच्चों के लिए अच्छी एवं ज्ञानवर्धक सस्ती पुस्तकों का महत्व नेहरूजी खूब जानते थे। इसी दृष्टि ने 'नेशनल बुक ट्रस्ट' की स्थापना में अपने को साकार किया। नेहरू बाल पुस्तकालय योजना के अधीन देश की सभी भाषाओं में बच्चों का ज्ञान बढ़ाने तथा नयी–नयी जानकारी देने वाली पुस्तकें प्रकाशित हो रही हैं।

देश के बच्चे उनकी राष्ट्र निर्माण की योजनाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे, सिर्फ विचार के स्तर पर ही नहीं कार्य और व्यावहारिक अमल के समय भी उन्होंने बच्चों को लेकर नयी–नयी योजनाएं बनाईं और उन पर काम शुरू हुआ। पचास के दशक में राष्ट्रीय बाल भवन की नींव रखी गयी। इसके पीछे नेहरूजी का विचार था कि बच्चों को केवल औपचारिक स्कूली शिक्षा ही नहीं, उसके साथ खेलने का उन्मुक्त वातावरण तथा अपनी रचनात्मकता को विकसित करने के साधन भी उपलब्ध होने चाहिएं। बच्चों के उर्वर मस्तिष्क में सोये कल्पनाशीलता के बीज तथा कुछ नया जानने की इच्छा को बढ़ावा देने की दृष्टि से बाल भवन के विचार ने खासा योगदान किया है। आज पूरे देश में इसकी सत्तर से अधिक शाखाएं काम कर रही हैं। जैसे नेहरूजी स्वाधीन भारत की नवनिर्माण योजनाओं को भारत के नये तीर्थ कहते थे, उस तरह ऐसे कार्यस्थलों को बच्चों के अपने मंदिर कहा जा सकता है।

नेहरूजी एक राजनेता होने के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त, प्रसिद्ध लेखक भी थे। नेहरूजी बच्चों में कैसी वैज्ञानिक दृष्टि का विकास चाहते थे, इसकी झलक स्वाधीनता संघर्ष के दौरान जेल में उनके लेखन में देखी जा सकती है। सन 1931 से 1933 के बीच उन्होंने बेटी इंदिरा प्रियदर्शिनी के नाम समय–समय पर जेल से पत्र लिखे थे। ये जेल यात्रा के दौरान लिखी गयी उनकी सबसे अच्छी रचनाओं में हैं। उन पत्रों में बेटी के प्रति केवल पिता का प्यार ही नहीं था, उनमें दुनिया के इतिहास की झलक भी मौजूद थी।

बच्चों के लिए अच्छी एवं ज्ञानवर्धक सस्ती पुस्तकों का महत्व नेहरूजी खूब जानते थे। इसी दृष्टि ने 'नेशनल बुक ट्रस्ट' की स्थापना में अपने को साकार किया। नेहरू बाल पुस्तकालय योजना के अधीन देश की सभी भाषाओं में बच्चों का ज्ञान बढ़ाने तथा नयी–नयी जानकारी देने वाली पुस्तकें प्रकाशित हो रही हैं।

नेहरूजी के प्रोत्साहन से ही प्रसिद्ध व्यंग्य चित्रकार शंकर ने 'चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट' की स्थापना की। इस संस्था से भी हिन्दी, अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं में बच्चों के लिए पुस्तकें छप रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय गुड़ियाघर तथा अंतर्राष्ट्रीय बाल

चित्रकला प्रतियोगिता जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम नेहरूजी के सुझाव पर शुरू किए गए थे।

इससे बखूबी समझा जा सकता है कि बच्चों के चाचा नेहरू केवल उनके साथ खेलने तथा हंसने भर से ही संतुष्ट होने वाले नहीं थे। वे देश के सभी बच्चों की शिक्षा, खेल और मौलिक प्रतिभा विकास की ऐसी समन्वित योजनाओं पर कार्य करना चाहते थे जिनसे बच्चे अपना सर्वांगीण विकास कर सकें।

वैसे नहेरूजी गंभीर स्वभाव के व्यक्ति थे और जिम्मेदारियों का बोझ मनुष्य को आप से आप विचारशील और गंभीर बना भी देता है, पर फिर भी उनके मन में बैठा बच्चा हमेशा ही बच्चों के बीच पहुंचने को बेताब रहता था। राजनेताओं, विदेशी अतिथियों तथा अन्य गणमान्य लोगों के साथ नेहरूजी के अनेक चित्र देखे जा सकते हैं। लेकिन उनमें वे प्रायः ही गंभीर और विचारमग्न दिखाई देते हैं। अगर खिलदंड, खिलखिलाते नेहरूजी को देखना हो तो हमें उन चित्रों को देखना होगा, जिनमें ये बच्चों के बीच मौजूद हैं। वह कहा करते थे जब मैं बच्चों के साथ होता हूं तो बहुत खुश रहता हूं।

बच्चों के लिए वह कुछ भी करने को तैयार रहते थे। एक बार वह सेवाग्राम (वर्धा) गये। यहां बालमंदिर में नेहरूजी ने कुछ बच्चों को नृत्य की तैयारी करते देखा। वह खड़े–खड़े उन्हें नाचते देखते और मुसकुराते रहे।

नाच खत्म हुआ तो पांच वर्ष की एक बालिका पास आई। बोली – चाचाजी, आप भी हमारे साथ नाचिए ना।

नेहरूजी ने हंसकर कहा – "इस बार नहीं, अगली बार जब सेवाग्राम आऊंगा तो नाचना सीखकर आऊंगा। उस समय तुम लोगों के साथ जरूर नाचूंगा।" पर बालिका ने जिद पकड़ ली और बोली, "नहीं, अगली बार नहीं। आपको इसी बार नाचना होगा।" और वह चाचा नेहरू का हाथ पकड़ उन्हें नाचने के लिए खींचने लगी।

आखिर नेहरूजी को बच्ची की बात माननी पड़ी। कुछ देर वह बच्चों के साथ नाचते रहे। बाद में बालिका ने कहा – "जब आप अगली बार आएं तो अच्छी तरह नाचना सीखकर आएं।"

चाचा नेहरू ने बच्ची को प्यार करते हुए कहा – "जरूर, जरूर! अगली बार जब भी आंऊगा, इससे बढ़िया नाच दिखांऊगा, सब हंस पड़े उसमें नेहरूजी की हंसी भी शामिल थी।

उनके मन–महल के दरवाजे बच्चों के लिए हमेशा खुले रहते थे। वह बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू थे और बच्चे थे उनके लिए महकते ताज़े गुलाब। ❑

(नंदन पत्रिका के
पूर्व सह संपादक
संप्रति स्वतंत्र लेखक)

Aspiring for an M.E. or M.Tech from a prestigious institution?

BRILLIANT'S POSTAL COURSES FOR

GATE 2004

SUBJECTS OFFERED • Computer Science & Engg. • Electronics & Comm. Engg. • Electrical Engg. • Instrumentation Engg. • Mechanical Engg. • Production and Industrial Engg. • Civil Engg. • Geology & Geophysics • Mathematics • Physics • Chemistry • Engg. Sc. (Engg. Maths, Electrical Sc., Materials Sc., Solid Mechanics, Fluid Mechanics, Thermodynamics) • Life Sc. (Chem., Biochem., Microbiology)

Three of Brilliant's students have secured the No.1 rank in GATE 2003.

With 70 ranks above the 99th Percentile and 471 ranks above the 90th Percentile, a whopping 674 of our students were successful in GATE 2003.

AIEEE 2004

Your gateway to the National Institutes of Technology

All the Regional Engineering Colleges have been upgraded to National Institutes of Technology and accorded the status of Deemed Universities. And, admission to all of them, as well as to many other institutions of specialized engineering education, will be on the basis of the AIEEE [All India Engineering Entrance Examination].

Now, who can equip you for success in this highly competitive exam, better than Brilliant Tutorials – a 30-year veteran who has helped produce thousands of winners and hundreds of top-rankers in competitive entrance exams all over India.

Course Highlights:

• 8 sets of lesson material and assignments • 3 Postal Tests in each subject • A ready-reference compendium of important formulae, equations and data in Maths, Physics and Chemistry • 4 National Sit-down Tests at 25 centres across the country • 4 Home-based Mock Test Papers • Doubt Letter Scheme

Admission open, Write, call or fax for free prospectus

BRILLIANT® TUTORIALS

Box: 4996-YOH 12, Masilamani Street, T. Nagar, Chennai-600 017. Ph: 24342099 (4 lines) Fax: 24343829
e-mail: enquiries@brilliant-tutorials.com

ADMISSION ALSO OPEN FOR THE FOLLOWING POSTAL COURSES FROM BRILLIANT

IIT-JEE 2004, 2005 & beyond • MBBS Ent. 2004, 2005 & beyond • MBA Ent. 2004 • MCA Ent. 2004 • IAS 2004 • IES 2004 • CSIR-UGC / UGC (NET) JRF/L Exams. Dec. '03, June '04 • AMIE Section A, B Exams. Dec. 2003, June 2004 • GRE, TOEFL, BANKING • GEOLOGISTS' Exam. 2003 (Category 1) to be conducted by UPSC in Nov. 2003

STALWARTS COMBINE TO FORM THE BEST EVER TEAM

हिन्दी माध्यम में

IAS PRELIM-CUM-MAIN

GS Training Programme

Complete Solution for the revised Course in GS

With the option of Flexi Modules

सिविल–सेवा व राज्य सेवा परीक्षा में सामान्य अध्ययन विषय के बदलते स्वरूप व उनकी उपादेयता को देखते हुए हमने सामान्य अध्ययन के लिए एक अलग शाखा **Indian School of General Studies (ISGS)** की स्थापना की है जो सिर्फ 'सामान्य अध्ययन प्रशिक्षण कार्यक्रम' को समर्पित है। इस शाखा को देश के प्रख्यात IAS TRAINING संस्थानों व विख्यात शिक्षकों का सहयोग एवं समर्थन प्राप्त है। यह शाखा सामान्य अध्ययन संबंधित सभी प्रकार के अनुसंधान और विकास में सतत् कार्यशील है।

हमारी योजना ● 400 घंटे क्लासरूम प्रशिक्षण ● पूरे दो दिनों का परिवर्तनकारी वर्कशॉप ● संबंधित क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक ● पूर्ण परिमार्जित अध्ययन सामग्री ● निरन्तर परीक्षण (Test) व्यवस्था ● फ्लेक्सी मॉड्यूल विकल्प ● निबंध लेखन अभ्यास

विशेष योजना **Shashank Atom, Jojo Mathews** व **Manoj K. Singh** द्वारा हमारे विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर कार्यशाला।

हमारी GS Team

● इतिहास व संस्कृति-अनुभवी विशेषज्ञों की टीम ● विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/सांख्यिकी **Jojo Mathews** *(Director-ALS, Interactions, Associate Editor- Competition Wizard)* ● निबंध एवं पर्यावरण संबंधी मुद्दे - **Shashank Atom** *(Director-ALS, Interactions, Chief Editor- Competition Wizard)* ● भारतीय राजव्यवस्था- **Manoj K Singh**- *(Director-ALS, YD Misra's IAS, Interactions, MIPS Education)* व मनोज सोमवंशी ● भारतीय अर्थव्यवस्था - प्रशान्त कु. झा (105th Rank holder in IAS 2002 Result) ● भूगोल आलोक शर्मा व महेश कुमार बर्णवाल - (भूगोलः एक समग्र अध्ययन के लेखक व १९९७ के सफल प्रत्याशी) ● सांख्यिकी, मानसिक योग्यता, सा. विज्ञान - ए. के. सिंह *(Director- Institute of Mathematical Sciences)*, विजय कुमार व अन्य विशेषज्ञ ● सामाजिक मुद्दे रंजना सबरवाल - (Sociology Course Director at MIPS) व अन्य ● समसामयिकी - **Jojo Mathews**, ए. झा, सुप्रीयो एवं मनोज कु. सिंह

पत्राचार कार्यक्रम शुल्क केवल **1800** रू (कुल **150** सीट पत्राचार कार्यक्रम हेतु)।

For prospectus & application form please send Rs 50 by MO/DD in favour of **Alternative Learning Systems (P) Ltd** payable at Delhi

GS Programme Director: **Manoj K. Singh**

Director- *ALS Pvt Ltd, Y D Misra's IAS, Interactions, MIPS Education, ISGS*

Special Concession for SC/ST Candidates

Alternative Learning Systems (p) Ltd

ALS Alternative Learning Systems

Corporate Office: **ALS Pvt Ltd**, B-19, ALS House, Commercial Complex, Dr Mukherjee Nagar, Delhi-110009.

Ph: 27651700, 27651110, 27652738. Cell: 9810345023. FAX: 27653714

MIPS EDUCATION A Division of ALS

बच्चों की भाषा में लिखा गया विज्ञान साहित्य

○ प्रकाश मनु

आज का युग 'विज्ञान युग' है और बिना अच्छे विज्ञान साहित्य के, कोई भाषा अपने को मुकम्मल नहीं मान सकती। विज्ञान साहित्य आज की जरूरत है और चुनौती भी! लेकिन बच्चों के लिए बच्चों की भाषा में विज्ञान साहित्य लिखना कहीं ज्यादा बड़ी चुनौती है। विज्ञान लेखक का एक–एक शब्द सधा हुआ होना चाहिए, ताकि वह उसी जरूरत और मंतव्य को पूरा करे, जो लेखक के मन में है। वरना अर्थ का अनर्थ होते देर नहीं लगेगी।

आज का युग 'विज्ञान युग' है और बिना अच्छे विज्ञान साहित्य के, कोई भाषा अपने को मुकम्मल नहीं मान सकती। विज्ञान साहित्य आज की जरूरत है और चुनौती भी! लेकिन बच्चों के लिए बच्चों की भाषा में विज्ञान साहित्य लिखना कहीं ज्यादा बड़ी चुनौती है। इसलिए कि एक ओर यहां विज्ञान के बहुत गहरे और प्रामाणिक अध्ययन मनन की दरकार है, तो दूसरी ओर उस बहुत जाने हुए को एकदम पचाकर, बहुत सीधे–सादे अल्फाज़ और दिलचस्प अंदाज में बच्चों के लिए पेश करने की जरूरत है। यह एक नाजुक मसला है और विषय की गंभीरता और शैली की रोचकता के बीच संतुलन साधना कई बार बड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन यहीं किसी लेखक की असली कला और हुनर की परख होती है, उसके सामर्थ्य और भाषा शक्ति की भी। बच्चों की कथा–कहानियों में जिस तरह कल्पना की लहरों पर सवार होकर बहने और कई बार तो 'गप्पबाजी' की भी खुली और खिलंदड़ी छूट मिल जाती है, वैसा यहां नहीं है। विज्ञान लेखक का एक–एक शब्द सधा हुआ होना चाहिए, ताकि वह उसी जरूरत और मंतव्य को पूरा करे, जो लेखक के मन में है। वरना अर्थ का अनर्थ होते देर नहीं लगेगी।

दूसरी ओर बच्चों के लिए लिखे गए विज्ञान साहित्य के साथ एक बड़ी चुनौती यह जुड़ी है कि उसे रोज इस्तेमाल में आने वाले मोटे–मोटे शब्दों में ही विज्ञान की बड़ी–बड़ी, पेचीदा बातों को समेटना है। बच्चों के लिए लिखा गया विज्ञान साहित्य पेचीदा और उलझाऊ किस्म का नहीं, बच्चों की कथा–कहानी की तरह सरस और मनोज्ञ होना चाहिए, जिसे पढ़ने का उत्साह बच्चों में खुद–ब–खुद हो और वे ज्ञान–विज्ञान से जुड़ी इन रोचक किताबों के पास खिंचे आएं। हम सभी यह जानते हैं कि बच्चों के लिए लिखी गई किसी अच्छी कविता या कहानी का सबसे बड़ा गुण यह होता है कि बच्चों को उसे पढ़ने के लिए बार–बार कहना नहीं पड़ता। किसी भी सुंदर कविता या कहानी की किताब देखकर बच्चे का मन खुद–ब–खुद उसे पढ़ने के लिए ललकता है। कहना न होगा कि बच्चों के लिए लिखे गए विज्ञान साहित्य में भी यही खासियत होती है। वह प्रामाणिक होना चाहिए, दिलचस्प भी, और कुछ इस ढंग से लिखा गया हो कि बच्चे के भी नया सोचने और समझने, जानने की इच्छा जाग्रत हो और उसकी कल्पना और जिज्ञासा के बंद कपाट खुलने लगें।

विदेशी भाषाओं में बच्चों को विज्ञान की जानकारी देने वाली किताबें इतनी खूबसूरत भाषा में और इतने खूबसूरत ढंग से छापी जाती हैं कि वे बच्चों को खेल–खिलौनों से कम नहीं लगती। हिंदी के लेखकों–प्रकाशकों में यह चेतना नजर नहीं आती।

लेकिन इस क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण काम कतई नहीं हुआ, यह कहना भी गलत होगा। बच्चों की भाषा में ही बच्चों को विज्ञान की रोचक जानकारियां और सही दृष्टि देने वाली कई किताबें इधर देखने को मिली है। इनमें मीर नजाबत अली की किताब *विश्व को बदल देने वाले आविष्कार* और जमाल आरा की *पक्षी जगत* इस लिहाज से अव्वल हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट ने 'नेहरू बाल पुस्तकालय सीरीज' में इन्हें छापा है। *विश्व को बदल देने वाले आविष्कार* पुस्तक दो खंडों में है। पहले खंड में मीर नजाबत अली *पहिया, भाप का इंजन, माइक्रोस्कोप, मुद्रण* जैसी चीजों पर बिल्कुल आम बोलचाल की भाषा में चर्चा करते हुए बच्चों को यह

बताते हैं कि ऊपर से साधारण लगने वाली इन चीजों ने किस तरह से हमारी दुनिया में एक क्रांति कर डाली है। तथा इनके कारण मनुष्य का जीवन कितना आसान और सुविधाजनक हो गया है। इसी पुस्तक के दूसरे भाग में डायनमो, टेलीग्राफ, परमाणु ऊर्जा और इलेक्ट्रानिकी के संबंध में हुई खोजों की खासा रोमांचक वर्णन है, जिसे पढ़कर पता लगता है कि आज के मनुष्य की विजय गाथा ज्ञान–विज्ञान के किन–किन पड़ावों और नई–नई खोजों की जबर्दस्त उत्तेजनाओं से होकर गुजरी है।

जमाल आरा की पुस्तक *पक्षी–जगत* का लहजा भी करीब–करीब ऐसा ही है। जमाल आरा 'पक्षी जगत' में हमें पक्षिओं की अनोखी दुनिया में ले जाते हैं और हमें किस्म–किस्म के रंग, आकारों और अंदाजों वाले पक्षियों से मिलवाते हैं। यों तो पक्षियों और उनकी आश्चर्यजनक रंगारंग दुनिया के बारे में बहुत से लेखकों ने लिखा है, पर जमाल आरा की इस पुस्तक की खासियत यह है कि उन्होंने अलग–अलग पक्षियों की किस्में और स्वभाव बताने के साथ–साथ, उनके बारे में मोटी–मोटी बातें भी बड़े दिलचस्प अंदाज में बताई हैं। पक्षियों की चोंचें एक दूसरे से कितनी अलग और विचित्र होती हैं तथा उनसे पक्षियों की कैसे पहचान की जा सकती है? पक्षियों की टांगों और पंजों का अध्ययन कैसे करना चाहिए। उनके अंडों को कैसे पहचाना जा सकता है। पक्षियों के घोंसले, आहार आदि के बारे में मोटी–मोटी जानकारियां कैसे इकट्ठी की जाएं? पक्षियों का अध्ययन करते समय डायरी में कौन–कौन–सी बातें कैसे लिखनी चाहिए? तथा पक्षियों की प्रवास यात्राएं कब और क्यों होती हैं? आदि बातों के बारे में जमाल आरा की यह पुस्तक एक जरूरी 'गाइड बुक' की तरह है।

सुरजीत की पुस्तक *हमारे विचित्र जीव–जंतु* भी खासी मजेदार किताब है। इसमें सुरजीत ने बया, नीली तितली, बिच्छू, जिराफ, लोमड़ी, काक्रोच वुलवेरीन, डॉल्फिन, ऊदबिलाव के बारे में काफी दिलचस्प और विस्तृत जानकारी दी है। न सिर्फ सुरजीत की भाषा बच्चों के लिए बहुत मोहक और चित्ताकर्षक है, बल्कि वे इन जानवरों के बारे में जो जानकारियां संजोते हैं, वे भी मन में नक्श हो जाने वाली हैं।



इसी तरह सुरजीत की संसार के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के जीवन और आविष्कारों पर लिखी गई किताब *प्रसिद्ध वैज्ञानिक और उनके आविष्कार* एक अद्भुत किताब है। बच्चों के लिए वैज्ञानिकों की अच्छी जीवनियां कैसे लिखी जाएं, इस लिहाज से सुरजीत की यह पुस्तक एक आदर्श पुस्तक है, जिसमें न सिर्फ महान वैज्ञानिकों की जीवन कथाएं पढ़ने को मिलती हैं, बल्कि यह भी समझ में आता है कि उनमें इन्सानियत की भलाई की, कुछ नया खोज दिखाने और बड़ा काम करने की तड़प किस हद तक थी। और उसके लिए जीवन भर उन्होंने कैसी अंतहीन तकलीफें झेलीं, लेकिन अपना रास्ता नहीं छोड़ा।

श्रीकांत व्यास ने भी कुछ अलग ढंग से बाल पाठकों के लिए वैज्ञानिकों की जीवनियां लिखीं। 'शिक्षा भारती' से छपी उनकी तीन किताबें *ग्रामोफोन और चलचित्र के आविष्कारक एडीसन की कहानी, टेलीग्राफ के आविष्कारक फिनले मोर्स की कहानी* तथा *परमाणु शक्ति के आविष्कारक फेर्मी की कहानी* इस लिहाज से अनूठी किताबें हैं। श्रीकांत व्यास द्वारा लिखी इन पुस्तकों की खासियत यह है कि इनमें वैज्ञानिकों के बचपन और स्वभाव का अध्ययन करके वे बातें खोजी गई हैं जो उन्हें आने वाले कल का महान आविष्कारक बना रही थीं। एडीसन अगर अपने तमाम तरह के प्रयोगों और खतरे उठाने के दुस्साहस के कारण जीवन में आगे बढ़ता चला गया, तो टेलीग्राफ के आविष्कारक फिनले मोर्स के बचपन की जिज्ञासा–वृत्ति ने उसे इतना धुनी और विचारशील बना दिया कि वह अपने ढंग से जिया और अपने महान आविष्कार से दुनिया को प्रभावित कर सका। परमाणु शक्ति के आविष्कारक फेर्मी का बचपन भी और बच्चों से कुछ अलग था। इसलिए कि वह खेलते समय भी सोचता था। बहुत कम उम्र में ही खेल–खेल में उसने समझ लिया था कि जब लट्टू नाचता है, तब इसकी कील यानी धुरी सीधी क्यों रहती हैं? और जैसे ही इसका नाच बंद होता है, लट्टू गिर पड़ता है। फेर्मी समझ गया था कि लट्टू की कील सीधी इसलिए रहती है कि यह नाचता रहता है। पृथ्वी और चांद सितारे भी कुछ–कुछ इसी तरह अपनी धुरी पर नाचते हैं। श्रीकांत व्यास की ये किताबें इतने खूबसूरत ढंग से छपी और लिखी गई हैं कि इन्हें पढ़ने के बाद यह कहना गलत होगा कि हिंदी में बच्चों के लिए अच्छा विज्ञान साहित्य नहीं लिखा जा रहा।

हरिकृष्ण देवसरे ने भी वैज्ञानिकों के जीवन और उनके आविष्कारों को लेकर कई उम्दा किताबें लिखी हैं। इनमें प्रकाशन विभाग से छपी उनकी पुस्तक *वैज्ञानिकों की जीवन कथाएं* बहुत सुंदर और पठनीय पुस्तक है। इस पुस्तक में डॉ. हरिकृष्ण देवसरे ने विश्व के ग्यारह महान वैज्ञानिकों की जीवन कथाएं देकर बाल पाठकों को यह बातने की कोशिश की है कि इन धुनी वैज्ञानिकों के भीतर की गहरी तड़प और लगन ने ही उनसे महान आविष्कार करवाए। अपनी धुन में काम करने वाले इन वैज्ञानिकों को कई बार सनकी और पागल भी समझा गया, लेकिन उनके महान आविष्कारों ने दुनिया की आंखें खोल दीं। अगर ये धुनी वैज्ञानिक न होते तो न आज रेलगाड़ी का आविष्कार हुआ होता, न टेलिफोन का, न बिजली के बल्ब और ग्रामोफोन का आविष्कार होता और न रेडियम जैसी अनोखी धातु का। देवसरे ने बहुत प्रामाणिक ढंग से वैज्ञानिकों की ये जीवन कथाएं लिखी हैं, जिनमें भारतीय वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु, चंद्रशेखर वेंकट रमन, और सत्येन्द्रनाथ बोस को भी शामिल किया है।

इसी क्रम में *विश्व की महान वैज्ञानिक महिलाएं* (चित्रा गर्ग), *भारत की वैज्ञानिक विभूतियां* (दीक्षा बिष्ट), और *साहसिक खोजें, साहसिक कहानियां* (व्यथित हृदय) पुस्तकें की भी चर्चा की जा सकती है। चित्रा गर्ग ने 'विश्व की महान वैज्ञानिक महिलाएं' पुस्तक में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वाली विश्व की सात प्रसिद्ध वैज्ञानिक महिलाओं के बारे में लिखा है।

दीक्षा विष्ट की पुस्तक *'भारत की वैज्ञानिक विभूतियां'* किशोर पाठकों को कहीं अधिक अच्छी लगेगी। इसमें भारत के विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकट रामन, सत्येन्द्रनाथ बोस, जगदीशचन्द्र बोस और होमी जहांगीर भाभा की जीवन कथाएं है, तो शांतिस्वरूप भटनागर, बीरबल साहनी, प्रशांत चंद्र महालानोबिस, विक्रम सारा भाई, जे.बी. एस हाल्डेन तथा मनाली कलात, वेणु बप्पू जैसे कई अन्य वैज्ञानिकों के जीवन–वृत्तांत भी, जिनकी अथक धुन के कारण आज भारत तेजी से विज्ञान की नई उपलब्धियों की ओर बढ़ रहा है। दीक्षा बिष्ट ने पुस्तक लिखने में स्पष्ट ही, बहुत श्रम किया है और भारतीय वैज्ञानिकों के बारे में बहुत अच्छी, प्रामाणिक जानकारियां एकत्र की हैं।

इसी क्रम में हिंदी के मूर्धन्य लेखक व्यथित हृदय की अनोखी पुस्तक *साहसिक खोजें, साहसिक कहानियां* की भी चर्चा की जा सकती है। पुस्तक में मनुष्य की साहसिक यात्राओं का वर्णन है, जिनके कारण आज हम सभ्यता के एक नए चरण तक पहुंच पाए हैं। मानवता इन साहसिक खोजों की आभारी है। यह दीगर बात है कि जब अलग–अलग देशों के इन धुनी यात्रियों ने अपने–अपने समय में इन यात्राओं को प्रारंभ किया, तो उनकी मदद करने वाले बहुत कम लोग थे। उन्हें जिस तरह की मुश्किलों और बाधाओं का सामना करना पड़ा, उसे याद करके आज भी दिल दहल उठता है। इनमें भारत की खोज में निकले अनोखे यात्री कोलंबस की कथा तो है ही, जो भारत की बजाय अमेरिका जा पहुंचा था और उसी को भारत समझ बैठा था। इसके अलावा उस साहसी यात्री मैगलिन की कथा भी है, जो यह साबित करने के लिए कि पृथ्वी गोल है, अपने प्राणों को संकट में डालकर एक खतरनाक समुद्री यात्रा पर निकला। पर अफसोस, बीच यात्रा में ही उसे प्राणों से हाथ धोना पड़ा। तब उसकी अधूरी यात्रा उसके कमांडर डैल्केनो ने पूरी की। इसी तरह उत्तरी ध्रुव की कठिन और चुनौती भरी यात्रा करने वाले साहसी यात्री नैनसन और पीरी, नील नदी का उद्‌गम खोजने निकले जेम्स ब्रूस, दक्षिणी ध्रुव की यात्रा करके वहां अपने विजई पदचिह्न छोड़ने वाले एमेंडसन और स्कॉट की रोमांचित करने वाली यात्राओं का वर्णन भी पुस्तक में है।

बाल विज्ञान साहित्य का एक बड़ा

प्रयोजन बच्चों को उनके आस पास के परिवेश तथा नए समाज की रचना करने वाले प्रमुख वैज्ञानिक संसाधनों के बारे में बड़े आसान और दिलचस्प ढंग से जानकारी देने की है। यह जानकारी रूखे–सूखे तथ्यों वाली न होकर ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे के मन, कल्पनाशीलता और समूचे व्यक्तित्व में रच–बस जाए तथा उनके भीतर नई–नई जिज्ञासाएं उत्पन्न हों। बच्चों तक इन सामान्य जानकारियों को पहुंचाने का सबसे अच्छा ढंग कथात्मक ढंग है। यानी चीजें खुद अपनी कहानी सुनाती हैं। हिंदी के बाल विज्ञान साहित्य में कुछ इस तरह की अच्छी कोशिशें भी हुई हैं। तुरशन पाल पाठक की *मैं हूं दवा, मैं हूं पानी, मैं हूं पौष्टिक आहार, मैं हूं इलैक्ट्रॉनिकी,* श्याम सुंदर शर्मा की *मैं हूं चुंबक, मैं हूं अंतरिक्ष, मैं हूं कंप्यूटर,* राजीव गर्ग की *मैं हूं रोबोट* तथा धुरेन्द्र कुमार गर्ग की *मैं हूं बिजली* इसी ढंग की पुस्तकें हैं।

तुरशन पाल पाठक की *भारत के उपग्रह* तथा श्रीकृष्ण की *विज्ञान की मजेदार बातें* भी इसी ढंग की पुस्तकें हैं, जो बच्चों को ज्ञान–विज्ञान की नई बातें बताती हैं। इनमें तुरशन पाल पाठक की 'भारत के उपग्रह' अच्छी और नए ढंग की पुस्तक है। उपग्रह कैसे छोड़े जाते हैं और उनका उद्देश्य क्या है? इस बारे में बड़े रोचक ढंग से जानकारी इस किताब में दी गई है। खासकर भारत के उपग्रहों का उद्देश्य शांति और जनोपयोगी कार्यों के लिए है। आर्य भट्ट, भास्कर प्रथम और द्वितीय, एपल, रोहिणी, इनसैट 1–ए, एनसैट 1–बी, इनसैट 1–सी तथा आई.आर.एस 1–ए उपग्रहों के बारे में तुरशन पाल पाठक बच्चों को अच्छी जानकारी उपलब्ध कराते हैं। यहीं हिंदी के प्रसिद्ध विज्ञान लेखकों मिशचंद्र शर्मा और कुलदीप शर्मा के लेखों का भी जिक्र किया जा सकता है। हिंदी की प्रायः सभी प्रतिष्ठित पत्र– पत्रिकाओं में एकदम नए अंदाज और दिलचस्प भाषा में लिखे उनके लेख पढ़ने को मिलते हैं। वर्षों तक बाल पत्रिका 'नंदन' के संपादक रहे जय प्रकाश भारती ने भी इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। अग्नि मिसाइल पर लिखी नई *अग्नि* उनकी उम्दा किताब है।

बाल पाठकों के लिए विज्ञान की कुछ स्तरीय पुस्तकें राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने भी छापी है। इनमें से कुछ उल्लेखनीय किताबें हैं – *समुद्रः कुबेर का एक भंडार* (प्रभातनाथ मुखर्जी), *तारों की जीवन गाथा* (जयंत विष्णु नार्लीकर), *ब्रह्मांड का रहस्य* (के. पी. सिन्हा और ई.ए. लार्ड), *जीवाणुओं की दुनिया और हम* (दयाशंकर मिश्र), *तत्व–नए–पुराने* (रामचरण मेहरोत्रा और रमाशंकर राय) तथा *जैव तकनीक* (राजकुमार बंसल)। पर इन किताबों के साथ मुश्किल यह है कि ये अध्यापकीय या अकादमिक अधिक हो गई हैं और बच्चों के मन में 'विज्ञान पढ़ने का सच्चा आनंद' उत्पन्न नहीं करती। आजकल बच्चों के लिए विज्ञान–लेखन का एक ही मतलब हो सकता है कि बच्चों को खेल–खेल में, दिलचस्प अंदाज में विज्ञान की बातें, नई–नई खोजों और उपलब्धियों के बारे में बताया जाए।

बाल विज्ञान साहित्य में विज्ञान कथाओं का अपना योगदान है। विज्ञान कथाओं की खासियत यह है कि वे वैज्ञानिक सत्यों और उपलब्धियों को रोचक कथाओं और रहस्यपूर्ण फैंटेसीज़ की शक्ल में प्रस्तुत करती हैं। इससे वे गूढ़, गंभीर वैज्ञानिक सत्य बच्चों को अपने निकट और सरस जान पड़ते हैं तथा उनकी स्मृति उनके समूचे व्यक्तित्व में व्याप जाती है।

बाल पाठकों को जीव–जंतुओं, पक्षियों और वनस्पति जगत के बारे में जानकारी देने वाली किताबें भी हिंदी में इधर तेजी से आ रही हैं। इनमें सभी बच्चों के लिहाज से आकर्षक और उपयोगी नहीं है। बच्चों को यहां–वहां से टूटी–फुटी, आधी–अधूरी जानकारी देने वाली किताबें भी कम नहीं हैं। अक्सर दो–चार किताबें इधर–उधर से पढ़कर, उन्हीं में से एक नई किताब बना लेने का बचकाना उत्साह बहुतेरे नए लेखकों में दिखाई पड़ता है। खुद गहन अध्ययन और खोजबीन करके बच्चों को मौलिक ढंग से कुछ नया और आकर्षक देने का चाव कम ही देखने में आता है।

तो भी, इस दिशा में कुछ छिटपुट अच्छे स्तरीय काम हुए हैं। 'विद्या विहार' से छपी एक सिरीज़ में *जीव–जंतुओं की आश्चर्यजनक बातें* (हेमललित), *पक्षियों की आश्चर्यजनक बातें* (ललित नारायण उपाध्याय), *कीट–पतंगों की आश्चर्य–जनक बातें* (रजनीश प्रकाश), *वनस्पति जगत की आश्चर्य जनक बातें* (ललित नारायण उपाध्याय), *पेड़–पौधों की आश्चर्य जनक बातें* (कुमार मनीश) ढंग से पढ़ने को मिल जाती हैं।

पृथ्वीनाथ पांडेय की पुस्तक *पेड़ पौधों की विचित्र दुनिया* और यशवंत कोठारी की *सांप : हमारे मित्र* भी इसी ढंग की बालोपयोगी किताबें हैं। इनमें पृथ्वीनाथ पांडेय की 'पेड़–पौधों की विचित्र दुनिया' बच्चों को कहीं अधिक दिलचस्प लगेगी। पुस्तक में दूध देने वाले वृक्ष, जल बरसाने वाले वृक्ष, यहां तक कि हंसने और रोने वाले वृक्षों की भी चर्चा है। एक ऐसी घटना का भी वर्णन है, जिसमें पौधे ने अपनी अदृश्य आंखों से हत्यारे को पहचान लिया। दो पौधों में से एक पौधे को गमले से उखाड़कर, उस पौधे की हत्या जिस

आदमी ने की थी, दूसरे पौधे ने सामने पड़ते ही उसे पहचान लिया और यों 'पौधे का हत्यारा' पकड़ में आ गया। इसी तरह पृथ्वीनाथ पांडेय ने अपनी पुस्तक में कनाडा के रोशनी देने वाले वृक्ष और उत्तरी अमेरीका के उस गुस्सैल वृक्ष की भी एक झलक देने की कोशिश की है, जिसके पत्तों की खड़खड़ाहट ऐसी होती है, मानो वृक्ष काफी गुस्से में हैं।

रामेश बेदी की किताबें 'हमारे प्यारे जीव' 'जंगल के दुलारे जीव' तथा 'जंगल की बातें' के जिक्र के बगैर यह चर्चा पूरी नहीं हो सकती। इसलिए कि रामेश बेदी उन लेखको में से थे, जिन्होंने तमाम खतरे उठाकर जीव–जंतुओं, उनकी आदतों और स्वभाव को बड़े निकट से जाना। इस लिहाज से वन्य जीवों तथा अन्य जीव–जंतुओं पर लिखने वाले लेखकों में रामेश बेदी अन्यतम हैं, जिन्हें उनके आसाधरण कामों के लिए बड़े आदर से याद किया जाएगा।

हमारे प्यारे जीव पुस्तक में रामेश बेदी अपनी पालतू नेवला रानी, गिरगिट, अजगर, सफेद शेर, चूहों, टिट्डे, अप्सु और बंदरिया के बारे में बड़े ही दिलचस्प ढंग से लिखते हैं। इनमें 'मैंने पाली नेवला रानी', 'बेरहम हाथों के बचाने के बाद', 'गिरगिटा : हमारे ड्राइंग रूम की शोभा', 'किस्सा सफेद शेर का' बड़े ही खूबसूरत और बार–बार पढ़ने लायक अध्याय हैं। इनसे पता चलता है कि शेर हो, अजगर या गिरगिट, सभी मनुष्य के प्यार के वश में हो जाते हैं और तब उनका भयावह रूप कहीं बिला जाता है। रामेश बेदी की *जंगल के दुलारे जीव* भी इसी किस्म की पुस्तंक है। इसमें रट्टू तोते, मैना, सारस जैसे पक्षियों और शेर, पंडा आदि के साथ जिए गए रामेश बेदी के स्नेहिल क्षण बहुत जीवंत होकर सामने आते हैं।

रामेश बेदी की तीसरी किताब *जंगल की बातें* में वे विवरण ज्यादा लंबे नहीं हैं। लेकिन जंगल में जिन वन्य पशुओं से फोटोग्राफी आदि के सिलसिले में उनका सामना हुआ, उनका वर्णन इतना रोमांचक है कि पाठक पूरी किताब पढ़े बगैर उसे छोड़ नहीं पाएंगे।

बाल विज्ञान साहित्य में विज्ञान कथाओं का अपना योगदान है। विज्ञान कथाओं की खासियत यह है कि वे वैज्ञानिक सत्यों और उपलब्धियों को रोचक कथाओं और रहस्यपूर्ण फैंटेसीज़ की शक्ल में प्रस्तुत करती हैं। इससे वे गूढ़, गंभीर वैज्ञानिक सत्य बच्चों को अपने निकट और सरस जान पड़ते हैं तथा उनकी स्मृति उनके समूचे व्यक्तित्व में व्याप जाती है। एक बार पढ़ लेने के बाद बच्चे इन विज्ञान कथाओं को भूलते नहीं हैं।

हिन्दी में विज्ञान कथाओं के नाम पर जासूसी वृत्तांत और अवास्तव तिलिस्म परोसने का चस्का नया नहीं है। ऐसी हल्की और चटखारेदार विज्ञान कथाएं विज्ञान की मजाक ही हैं। पर इसके साथ ही हिंदी में अच्छी वैज्ञानिक कथाएं भी निरंतर लिखी जाती हैं। प्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिका *सरस्वती* के प्रकाशन के पहले वर्ष में ही केशव प्रसाद सिंह की विज्ञान कथा 'चन्द्रलोक की यात्रा' विज्ञान कथा छपी। बाद में डा. नवलबिहारी मिश्र की 'मंगलग्रह की यात्रा' भी *सरस्वती* में ही छपी। एक ओर राहुल सांकृत्यायन, डा. संपूर्णानंद और आचार्य चतुरसेन जैसे दिग्गजों ने विज्ञान कथाएं लिखीं, तो दूसरी ओर देवेन्द्र मेवाड़ी, हरीश गोयल, रमेश वर्मा, अरविंद मिश्र, विनीता सिंघल, विष्णु प्रसाद चतुर्वेदी, कल्पना कुलश्रेष्ठ, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा और डा. मनोज पटैरिया की सुंदर विज्ञान कथाएं पढ़ने को मिलती रहीं हैं।

जय प्रकाश भारती द्वारा संपादित पुस्तक *इक्कीसवीं सदी की श्रेष्ठ विज्ञान कथाएं* बच्चों की अच्छी विज्ञान कथाओं को संकलित करने की दिशा में अच्छा और सार्थक प्रयास है। इन विज्ञान कथाओं में हरीश गोयल अगर काल पात्र को लेकर विज्ञान कथा की फैंटेसी गढ़ते हैं, तो अरविंद मिश्र उस दिन की कल्पना करते है जबकि रोबर्ट आदमी की सत्ता को मानने से इनकार कर देगा। इस विज्ञान कथा में सारे रोबर्ट मिलकर विद्रोह कर देते हैं, ताकि वे मनुष्य के गुलाम न रहें, बल्कि रोबर्ट राज करें और आदमी को उनकी गुलामी करनी पड़े। जैसे ही लोगों को यह पता चला, हर ओर त्राहि–त्राहि मच गई। हर तरह के जरूरी प्रबंध किए गए। रोबर्ट को समर्पण करना पड़ा, लेकिन विद्रोह की चिन्गारियां उनके भीतर से गई नहीं।

इसी तरह रमेश सोमवंशी की *अंडे देने वाले मुर्गे*, विष्णुप्रसाद चतुर्वेदी की *याददाश्त की चोरी*, विनीता सिंहल की *अपराधी कौन* और डा. मनोज पटैरिया की *प्रतिभा का गान* निःसंदेश सुंदर विज्ञान कथाएं हैं।

कुछ सुंदर विज्ञान कथाएं हरिकृष्ण देवसरे और शक्ति कुमार त्रिवेदी ने भी लिखी हैं। हरिकृष्ण देवसरे को तो एक से एक अनूठी विज्ञान कथाएं गढ़ने में महारत हासिल है। इनमें कोरी गप नहीं, बल्कि विज्ञान की नई से नई खोजों और अधुनातन जानकारियों के आधार पर एक से एक दिलचस्प और रोमांचक विज्ञान कथाएं बुनी गई हैं। पिछले दिनों सार्स रोग के संक्रमण को लेकर उनकी एक विज्ञान कथा पढ़ने को मिली। देवसरे की विज्ञान कथाओं में फैंटेसी है तो कथा कहने की उस्तादी भी। उनकी विज्ञान कथाएं सीधे–सीधे कोई सीख नहीं देतीं, पर बच्चों को ज्यादा सचेत, जागरूक और कल्पनाशील तो बनाती ही हैं।

शक्ति कुमार त्रिवेदी ने भी कई विज्ञान कथाएं लिखी हैं। *उड़नतश्तरियों का रोमांस* में त्रिवेदी की बीस विज्ञान कथाएं शामिल हैं। इनमें सभी विज्ञान कथाएं अच्छी नहीं हैं। कुछ तो विज्ञान की किसी खोज या वैज्ञानिक तथ्य को समझाने के लिए फार्मूलाबद्ध ढंग से गढ़ी गई लगती हैं।

इसीलिए इनमें कहानी का सच्चा आनंद नहीं आता। 'विज्ञापन का रोग', 'उड़न तश्तरियों का रोमांश', 'अनोखी खबर', 'हरे सूरज का देश', 'प्लूटो का लुप्त प्राणी', मिस्र का काला रथ', शक्ति कुमार त्रिवेदी की कुछ उम्दा विज्ञान कथाएं हैं।

हिंदी बाल साहित्य में अन्य भारतीय भाषाओं तथा विदेशी भाषाओं से अनूदित विज्ञान साहित्य की काफी छपा है। इनमें कई तो इतनी महत्वपूर्ण किताबें हैं कि उन्होंने बच्चों के लिए विज्ञान लेखन को अपने तईं खासा प्रभावित किया है।

इन किताबों में दिलीप एम. सालवी की *युग प्रवर्तक अविष्कार* बहुत महत्वपूर्ण पुस्तक है। चेतनक्रांति ने बहुत उम्दा ढंग से उनका हिन्दी अनुवाद किया है। भारत सरकार के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित दिलीप एम. सालवी की इस पुस्तक की खासियत यह है कि यह हमें सिर्फ दुनिया के महान अविष्कारकों और उनके अविष्कारों के बारे में ही नहीं बताती, बल्कि उन अविष्कारों के पीछे कितना लंबा संघर्ष, कितने दुख, उपेक्षा और गर्दिश के दिनों का अनकहा इतिहास और कैसी अनवरत धुन छिपी है। जो वैज्ञानिकों को भी 'दुनिया के महान साधकों' की श्रेणी ले आती है – उस सबको भी पूरी शिद्धत से उजागर करने का प्रयास करती है। प्रिंटिंग प्रेस के अविष्कारक जोहानेस गुंटेनबर्ग, कृत्रिम रंगों के अविष्कारक विलियम हेनरी, कपास ओटनी के अविष्कारक इली व्हिटनी, रेलमार्ग के अविष्कारक जार्ज स्टीफेंसन, टर्बाइन के अविष्कारक चार्ल्स पारसन, रबर के अविष्कारक चार्ल्स गुडईयर, सिलाई मशीन के अविष्कारक एलियस होव, वायुपोत के अविष्कारक कांउट जैपलिन, टेलिविजन के अविष्कारक जार्ज बेयर्ड, मोटरकार के अविष्कारक हेनरी फोर्ड, बिजली के बल्व और फोनोग्राफ के अविष्कारक थामय एल्वा एडीसन, राडार के अविष्कारक राबर्ट वाट्सन, राकेट के अविष्कारक कोंस्तांतिन ई. सिओलकोवस्की, जेट विमान के अविष्कारक फ्रेंक वेटर, कम्प्यूटर के अविष्कारक चार्ल्स बैवेज तथा ट्रांजिस्टर के अविष्कारक विलियम शाकले के बारे में इस पुस्तक में पढ़ते हुए लगता है, मानो हम भी उड़कर उनके समय में जा पहुंचे हों और अपनी आंखों से महान अविष्कारों को जन्म लेता देख पा रहे हों और उन क्षणों में इन वैज्ञानिकों की आंखों में छाई खुशी की निर्मल चमक को भी।

अनूदित किताबों में एक और बेहद महत्वपूर्ण पुस्तक *सितारों की कहानी* है जो *आल अबाउट द स्टार्स* का हिन्दी अनुवाद है। अनुवाद केशन सागर ने किया है, जबकि मूल लेखक का नाम पुस्तक में कहीं नहीं है। पुस्तक का अनुवाद इतनी खूबसूरत और खिंलदड़ी भाषा में हुआ है तथा पुस्तक में सितारों के बारे में इतनी दिलचस्प जानकारी दी गई है कि निसंकोच कहा जा सकता है कि हिन्दी में फिलवक्त तारों के बारे में बताने वाली इससे अच्छी कोई किताब नहीं है। अक्सर लोग पूछते हैं कि बच्चों के लिए विज्ञान लेखन की भाषा कैसी हो? इस सवाल के लिए विज्ञान लेखन कैसा होना चाहिए, जरा मुश्किल काम है पर अगर यह पुस्तक आपके पास है तो आप बहुत आसानी से इस सवाल का जवाब दे सकते हैं। एक वाक्य में कहना हो तो बच्चों के लिए विज्ञान लेखन की भाषा और अंदाज ऐसा होना चाहिए, जैसा 'सितारों की कहानी' में हैं यह इस मामले में आदर्श और अद्वितीय किताब है, जिसे पढ़े बगैर बच्चे कल्पना ही नहीं कर सकते कि विज्ञान इतने दिलचस्प ढंग से भी पढ़ाया जा सकता है और उसमें इतना रस, इतना आस्वाद भी होता है।

हिन्दी में अनूदित विज्ञान लेखन में 'स्कोलास्टिक' से छपी चार किताबों की श्रृंखला का भी अपना योगदान है। ये किताबें हैं – *विज्ञान के आश्चर्य* (मैल्विन बर्जर), *विज्ञान के अचरज* (सैंट्रा मार्षेल), *विज्ञान : 150 तथ्य जिन पर आप यकीन नहीं करेंगे* (ह्यू वेस्टर्प) तथा *झटपट विज्ञान* (हरमान और नीना श्नायडेर) चारों किताबों का अनुवाद अरविंद गुप्ता ने खासी रोचक और हल्की–फुल्की भाषा में किया है। इन किताबों की खासियत यह है कि विज्ञान के बारे में बगैर कोई भारी भरकम गंभीरता चस्पा किए, एकदम खेल–खेल में विज्ञान की ऐसी बातें बता दी गई हैं' जो हमारे जीवन से सीधे–सीधे जुड़ी हैं और हमें अपने आस पास की दुनिया को कहीं अधिक बेहतर ढंग से देखने और सोचने–समझने के लिए तैयार करती हैं।

चारों किताबों में एक कोशिश यह भी है कि विज्ञान की रोचक बातों को बच्चों के आगे रखा जाए, जिससे उनके भीतर विज्ञान पढ़ने की ललक पैदा हो। इसके लिए छोटे–छोटे आसान प्रयोग करने के लिए भी ये पुस्तकें बाल पाठकों को प्रेरित करती हैं। इनमें अपेक्षाकृत छोटी पुस्तक 'विज्ञान : 150 तथ्य जिन पर आप यकीन नहीं करेंगे' की खासियत यह है कि इसमें विज्ञान की आश्यर्चजनक बातों को मजेदार ढंग से दो–दो, चार–चार, पंक्तियों में कह दिया गया है। उसी के अनुरूप मजेदार चित्र भी हैं, जिससे कुल मिलाकर पुस्तक का प्रभाव बच्चे के मन से कभी उतरता नहीं है।

अलबत्ता हिन्दी में नए नजरिए से लिखी गई ज्ञान–विज्ञान की पुस्तकें अब दिखाई देने लगी हैं। इसे भविष्य के विज्ञान लेखन के लिए एक शुभ संकेत मानना चाहिए। हालांकि यह हकीकत तो अपनी जगह है ही कि अभी इस ओर लिखने और काम करने के लिए लगभग पूरा मैदान खाली है और जरूरत ऐसे लेखकों की है, जो गंभीरता की खोल उतरकर, बच्चों के साथ खेलते हुए, खेल–खेल में ही उनके लिए विज्ञान की उक्त किताबें लिखें। ❑

(जाने माने बाल–साहित्य विशेषज्ञ)

लोक प्रशासन
(हिन्दी माध्यम)

By **Atul Lohiya**

(A person who believes in hard work and scientific approach)

UGC-NET
QUALIFIED IN TWO SUBJECTS
HISTORY & PUB. ADMINISTRATION

NEW BATCH STARTS
From 10th November, 2003

ADMISSION OPEN
From 3rd November, 2003

लोक प्रशासन का चयन
उचित निर्णय
और
व्यावसायिक दृष्टिकोण

लोक प्रशासन

Mains के साथ-साथ
Pre. के लिये भी
बेहतर विकल्प

'अतुल लोहिया'

शिक्षक, मार्गदर्शक और मित्र भी

पत्राचार पाठ्यक्रम भी उपलब्ध

MAINS - 2,000/-
MAINS + PRE. - 3,000/-
डाक खर्च - 200/- अतिरिक्त

There's never a wrong time, To do the Right Thing

Alok Lall (Director) - 9818330979
AN INSTITUTE OF PUBLIC ADMINISTRATION
FLAT No. 105, Ist FLOOR, VIRAT BHAWAN COMM. COMPLEX,
DR. MUKHERJEE NAGAR, DELHI-9 • Ph.: 27655134. CELL.: 9810651005

बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति और समाज

○ कौशलेन्द्र प्रपन्न

मई का अंतिम पखवाड़ा बच्चों में आत्महत्या की घटनाओं के संदर्भ में महत्वपूर्ण होता है। ऐसी घटनाएं अख़बारों, टी.वी. समाचारों पर एकाध दिन के लिए तो स्थान ले पाती हैं किंतु सरकारी दस्तावेजों में शामिल नहीं होती और न ही इस घटना पर राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर कोई विमर्श की जरूरत ही महसूस की जाती है। इससे इतना तो साफ होता है कि बच्चे, इनकी समस्याएं, इनकी दुनिया बड़ों की दुनिया में स्थान नहीं बना पातीं। बच्चों को आत्महत्या करने से रोकने के लिए हमें उन्हें दबाव मुक्त वातावरण देना पड़ेगा। ऐसा लेखक का मानना है।

"आत्महत्या एक निजी प्रघटना है यद्यपि अनिवार्य रूप से इसके कारण सामाजिक हैं। कुछ सामाजिक शक्तियां होती हैं जो संपूर्ण समाज में काम करती हैं। इन सामाजिक शक्तियों का उद्गम व्यक्तियों से नहीं है। लेकिन समाज से है। ये सामाजिक शक्तियां वास्तविक हैं, यथार्थ हैं। ये शक्तियां ही आत्महत्या का निर्धारण करती हैं।"

प्रसिद्ध सामाजशास्त्री दुर्खीम की ये पंक्तियां 1897 में लिखी गई थीं। दुर्खीम ने अपनी पुस्तक *सुसाइड* में आत्महत्या पर विस्तार से विचार–विमर्श किया है। आत्महत्या के प्रकार, कारण आदि का पड़ताल करते हुए अंततः समाज, मनोविज्ञान से होते हुए सामाजिक शक्तियों पर लौटते प्रतीत होते हैं। दुर्खीम जिस आत्महत्या की बात करते हैं उसकी परिधि में युवा, प्रौढ़ और एक संपूर्ण व्यक्ति आता है। लेकिन बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति पाई जाती है या नहीं या कितनी मात्रा में पाई जाती है? इसका जिक्र पुस्तक में नहीं मिलता। दुर्खीम के सिद्धातों, कारणों पर पुनः यथास्थान चर्चा करेंगे। किन्तु इतना तो तय है कि आत्महत्या की प्रवृत्ति इधर कुछ दशकों में ज्यादा देखने को मिल रही है। लेकिन जब हम आंकड़ों की तलाश करते हैं तव निराशा ही हाथ लगती है। इस लेख में (6–18) आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ रही प्रवृत्ति की चर्चा की गई है।

मई का अंतिम पखवाड़ा बच्चों में आत्महत्या की घटनाओं के संदर्भ में महत्वपूर्ण होता है। कोई भी ऐसा साल नहीं आता जिस वर्ष लड़के/लड़कियां छत से कूदकर अथवा पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त नहीं करते। ऐसी घटनाएं (आत्महत्या) अख़बारों, टी. वी. समाचारों पर एकाध दिन के लिए तो स्थान ले पाती हैं किंतु सरकारी दस्तावेजों में शामिल नहीं होती और न ही इस घटना पर राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर कोई विमर्श की जरूरत ही महसूस की जाती है। इससे इतना तो साफ होता है कि बच्चे, इनकी समस्याएं, इनकी दुनिया बड़ों की दुनिया में स्थान नहीं बना पातीं। बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति कई कारणों से जन्म ले रही हैं जिनमें से कुछ स्वरूपों की चर्चा नीचे की जा रही है :

पहला, परीक्षा में अच्छे अंक न आने या फेल होने की स्थिति में स्कूल के छत से या अपने घर की छत से कूदकर आत्महत्या कर लेना। दूसरा, लड़कियां घर में पंखे से लटककर आत्महत्या करती हैं। तीसरा, प्रेम में असफल लड़के/लड़कियां आत्महत्या की कोशिश करते हैं। जिसमें कई बार ब्लेड, चाकू आदि से नस काट लेना, दवाईयां खा लेना, जहर पी लेना, गोली मार देना, तेजाब डाल देना जैसी घटना शामिल हैं। एक और चौथा, वर्ग उनका है जो अत्यंत महत्वाकांक्षी हैं किंतु अपेक्षित सफलता न पाने की स्थिति में आत्महत्या करते हैं। इन घटनाओं के तह में जाएं तो शैक्षिक एवं सामाजिक घटक कारण के रूप में उभरते हैं। इतना ही नहीं यह बच्चों की

मनोवृत्ति, मनोरचना एवं मनोविज्ञान को भी दर्शाता है। मोटे तौर पर आत्महत्या के कारणों की पड़ताल करने पर कुछ बिन्दु उभरकर सामने आते हैं जो इस प्रकार हैं :–

शैक्षणिक दबाव

परीक्षा में कम अंक आने से अथवा फेल हो जाने से बच्चे आत्महत्या करे तो यह शिक्षा का एक दर्दनाक स्वरूप सामने रखता है। शिक्षा की प्रकृति सतत् चलने वाली होती है। बच्चों से संवाद करती है। शिक्षा का उद्देश्य एक संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है। यदि यह उद्देश्य शिक्षा का है तो वह अपने उद्देश्य में असफल ही हुई है क्योंकि संपूर्ण व्यक्तित्व वाला व्यक्ति एवं बच्चे यदि शिक्षा प्राप्त कर पाते तो वे शिक्षा–दर्शन, शिक्षा मनोविज्ञान से कुछ सीख पाते और आत्महत्या को अंतिम विकल्प के रूप में नहीं चुनते। यह शिक्षा का काला पक्ष है। शिक्षा के इतिहास पर नजर दौड़ाएं तो हम स्पष्ट रूप से दो भागों में बंटी शिक्षा पाएंगे। पहला, आजादी से पूर्व गुरूकुलीय, मजहब, जिसमें शिक्षा देने वाला अपने बच्चों से संवाद कायम करता था। रवीन्द्रनाथ टैगोर, जे. कृष्णमूर्ति, मान्टेसरी, इवान इलीच कुछ ऐसे शिक्षा दार्शनिक हुए जो बच्चों को प्रकृति की गोद में विकसने के सिद्धांत एवं दर्शन में आस्थावान प्रतीत होते हैं इस शिक्षा पद्धति में आत्महत्या जैसी घटनाओं का न पाया जाना यह सिद्ध करता है कि यहां बच्चों पर परीक्षा का दबाव, अंकों का जोड़–तोड़ नहीं के बराबर था। दूसरा, आजादी के बाद की शिक्षा। यों तो परीक्षा प्रणाली का चलन बहुत पहले हो चुका था, लेकिन शिक्षा का पर्याय परीक्षा को आधुनिक शिक्षा का विद्रुप चेहरा कहा जा सकता है। परीक्षा प्रणाली पर शोधरत (दिल्ली विश्वविद्यालय, शिक्षा विभाग) ऋतुबाला का लेख 'भारतीय परीक्षा प्रणाली का समाज शास्त्र' महत्वपूर्ण है। इस दृष्टिकोण से परीक्षा प्रणाली का पड़ताल करता यह लेख अपने निष्कर्ष पर पहुंचता है कि परीक्षा परिणामों में व्यापक स्तर पर विषमता व्याप्त है और इस विषमता का संबंध लैंगिक, भौगोलिक, आर्थिक और सामाजिक स्तर की विषमता से है।.... भारतीय शिक्षा में परीक्षा का केंद्रीय महत्व तथा शिक्षा के सामने समतावादी समाज की पुनर्रचना के दायित्व को ध्यान में रखते हुए यह उत्कण्ठा स्वाभाविक ही बनती है कि क्षेत्र, लिंग, समुदाय इत्यादि मानदंडों के आधार पर गहरे रूप से विषमता के शिकार समाज के साथ परीक्षा का बर्ताव कैसा रहा है? इसका सामाजिक चरित्र क्या है? परीक्षा में विफल बच्चों को आत्महत्या के लिए प्रेरित करना इस प्रणाली का सामाजिक बुनावट पेचिदा है। पालो फ्रेरा ने उत्पीड़ित और उत्पीड़क दो वर्गों का समाज में पहचान किया है। ठीक उसी प्रकार आज की शिक्षा में बच्चों (उत्पीड़ित) और शिक्षक/परीक्षा तंत्र (उत्पीड़क) की भूमिका निभा रहे हैं। इस ऐतिहासिक साक्ष्यों की रोशनी में एक बात साफ होती है कि बच्चों में कुंठा, निराशा, हताशा, असफलता से उपजी खीझ इस परीक्षा, शिक्षा–तंत्र की देन है जिसकी परिणति आत्महत्या में होती है।

सामाजिक दबाव

दुर्खीम ने मुख्यतः तीन प्रकार के आत्महत्या को पहचाना है। अहंवादी आत्महत्या वस्तुतः समाज के प्रति उदासीनता है – इसमें जीवन के प्रति किसी प्रकार का लगाव नहीं होता। परार्थवादी आत्महत्या। वह आत्महत्या है जिसमें व्यक्ति में मनोविकार आ जाते हैं और तीसरा, ऐनोमिक आत्महत्या, यह वह आत्महत्या है जिसमें व्यक्ति विरक्त हो जाता है, चिड़चिड़ा बन जाता है और उसे लगने लगता है कि आधुनिक जीवन में उसका अस्तित्व किसी मतलब का नहीं है। जब हम इन तीन घटकों में बच्चों को रखकर देखते हैं तब सबसे महत्वपूर्ण बात यह उभरकर सामने आती है कि बच्चे भय, डर एवं लज्जा जैसे भावात्मक दबाव में आकर आत्महत्या के रास्ते पर चल पड़ते हैं। उनके ऊपर मां–बाप, रिश्ते–नाते, दोस्तों की दृष्टि में स्वयं को एक असफल व्यक्ति के रूप में पेश करना गवारा नहीं होता। इस सामाजिक दबाव में परोक्ष ही सही मगर मां–बाप की महत्वाकांक्षाएं भी दबाव, तनाव पैदा करती हैं। जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे सदा के लिए दूर हो जाते हैं। बच्चों का समाजीकरण भी इस संदर्भ में गौर करने योग्य है। बच्चों में सामाजीकरण की प्रक्रिया परिवार, समाज के नियमों, रिवाजों से संचालित होते है। तुलना, श्रेष्ठ, श्रेष्ठतर और श्रेष्ठतम की शृंखला भी बच्चों को निस्संदेह कुंठित करती है। मीडिया का रोल भी इसमें शामिल है जो मानसिक स्तर के गठन में भागीदार होता हैं। बल्कि कहना चाहिए कि आज मीडिया बच्चों के लिए सबसे बड़ा 'रोल–माडल' बन चुका है। कई समाजिक संस्थाओं ने इस परिप्रेक्ष्य में शोध किए हैं और उन्होंने पाया है कि बच्चों में हिंसक प्रवृत्ति इन्हीं माध्यमों से प्रवेश करती है। लगातार टी.वी. देखने, वीडियोगेम खेलने, नेट सर्फिंग करने से उनके मस्तिष्क खुलने के बजाय संकुचित होते चले जाते हैं। आत्महत्या के लिए यह प्रवृत्ति सबसे ज्यादा सहायक होती है। आत्महत्या इस संकुचन का वृहत्तर रूप है। जब बच्चा अपने मां–बाप, अध्यापक, मित्रों से कटता चला जाता है तब उसके अंदर बैठी कुंठा, निराशा बड़े फलक पर उभरने लगती है संवादहीनता एक बड़ा कारण है जो बच्चों को समाज से, परिवार से अलग कर देता है। आज की एकल पारिवारिक संरचना भी काफी हद तक बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है। दुर्खीम इस संदर्भ में कहते हैं कि जिस किसी समाज में पारिवारिक और नातेदारी एकीकरण अधिक होगा, उसमें आत्महत्याएं उतनी ही कम होंगी। इसी तरह ऐसे समाज में जहां एकीकरण कम होगा, आत्महत्याएं उतनी ही अधिक होंगी। आज के बच्चों को ऐसे दौर से गुजरना पड़ रहा है। जब घर में किसी से पास भी (मां–बाप) समय नहीं है। बच्चे मां–बाप के प्यार एवं उनसे बातचीत के लिए तरस जाते हैं। ऐसे में उनकी भावनाएं या तो कुंद जो जाती हैं या फिर विद्रूप होकर आत्महत्या का विकराल रूप धारण करती हैं। आत्महत्या करने वाले बच्चों को दो वर्गों में बांट सकते हैं पहला, ग्रामीण या मध्यवर्गीय। दूसरा साधन–संपन्न घर के महानगरीय बच्चे। ग्रामीण बच्चों में आत्महत्या कम पाई जाती है क्योंकि उनके सामाजिक–पारिवारिक एकीकरण अधिक मजबूत होते हैं (हालांकि आंकड़े उपलब्ध नहीं)। वहीं महानगरीय बच्चों में भावात्मक एकाकीपन, तनाव, निराशा, द्वन्द्व ज्यादा होते हैं। आत्महत्या के नायाब तरीके वे फिल्मों से सीखते हैं और तनाव, दबाव को न सहन कर पाने की स्थिति में आत्महत्या का रास्ता चुनते हैं। सारणी–1 में स्थिति को दर्शाया गया है। (देखें सारणी–1)

आंकड़ें सच तो बताते हैं मगर पूरा सच नहीं है। इन तालिकाओं में उन्हीं राज्यों को दिखाया गया है जहां 'आत्महत्या के लिए उकसाना' कालम में संख्याएं हैं। बाकी के राज्य इस कलंक से बरी हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, उड़ीसा आदि। जबकि 2002, 2003 या पिछले दो–तीन सालों के मई, जून के अख़बारों को पल्टें तो दिल्ली में परीक्षा परिणामों के बाद आत्महत्या की घटनाएं घटी हैं। मगर उन्हें इन आंकडों में स्थान नहीं दिया गया। आंकडों से बाहर रखने की राजनीति अलग विमर्श की मांग करती है। उस पर भी बच्चों की आत्महत्या की वही घटनाएं, दर्ज हैं जो समाज की नजर में आ पाईं या पालो फ्रेरा के शब्दों में कहें तो 'चुप्पी की संस्कृति' को तोड़ पाएं। वरना गुमनाम आत्महत्याओं से कौन इन्कार करेगा।

सारणी–1

बच्चों के विरूद्ध अखिल भारतीय अपराध की घटनाएं – आत्महत्या के लिए उकसाना (2000)

क्र.सं.	राज्य	घटनाएं	प्रतिशत
1.	आंध्र प्रदेश	10	55.6%
2.	असम	2	11.1%
3.	हरियाणा	1	5.6%
4.	केरल	1	5.6%
5.	महाराष्ट्र	2	11.1%
6.	राजस्थान	2	11.1%
	कुल	**18**	**100%**

मनोवैज्ञानिक दबाव

मनोविकार व्यक्तित्व का नकारात्मक पक्ष प्रस्तुत करता है। इसे मनोरोगी कहना अनुचित होगा। अमूमन आत्महत्या सहज, सामान्य मनःस्थिति का परिणाम नहीं माना जाता। जीवन जैसे सुंदर, सरस सार्थक चीज को कोई अचानक क्षण भर में नष्ट नहीं कर देता। आत्महत्या एक खास मनोदशा में घटित होता है। आत्महत्या करने वाले बच्चों (व्यक्तियों) में निराशा, कुंठा, हताशा, नकारात्मक सोच, जीवन की निःसारता एवं दुश्चिंता इतना घनीभूत हो जाता है कि वह इसके घेरे से बाहर नहीं निकल पाता। मानसिक विकारों के अंतर्गत आत्महत्या के अभिप्रेरक तत्व, उन्माद, खिन्नता एवं आवेशात्मक तत्वों को शामिल किया जाता है। उन्माद के संदर्भ में प्रसिद्ध मनोचिकित्सक एस्क्विरोल का मानना है कि जब एक आदमी अपने हाथ से अपना शरीर नष्ट करता है तो वह उन्माद की अवस्था में है और उन्माद मानसिक अलगाव के कारण है। इनके अलावा फेलरेट और मोरेयूडिटोडर्स भी लगभग आत्महत्या का यही कारण बताते हैं। जबकि दुर्खीम का मानना है कि वह शक्ति जो आत्महत्या को निश्चित करती है, मनोवैज्ञानिक न होकर सामाजिक होती है। लेकिन मनोविज्ञान एवं मनोचिकित्सक आत्महत्या जैसी प्रवृत्ति को मनोविकार से उत्पन्न रोग मानते हैं। इसके अंतर्गत कई तत्व शामिल होते हैं। शिक्षा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की शिक्षा–मनोविज्ञान से संबंद्ध नमिता रंगनाथन का मानना है कि आत्महत्या में सामंजस्य बिल्कुल ख़त्म हो जाता है। ख़ासकर जब बच्चे स्वयं को कुंठा, निराशा, चिंता से जूझने में असफल महसूस करते हैं तब वो आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या रेशनल डिस्जिन नहीं होता। वहीं विमहंस की दिव्या एस. प्रसाद (मनोचिकित्सक) बच्चों में आत्महत्या की प्रवृत्ति के कारणों में आंतरिक कारक के अंतर्गत – विखण्डित पारिवारिक ढांचा, खराब शैक्षिक परिणाम एवं खण्डित व्यक्तित्व को स्वीकार करती हैं। दिव्या का मानना है कि बच्चों में आत्महत्या दो तरह के पाए जाते हैं। एक 'इम्पल्सिव सुसाइड' और दूसरा 'प्लांड सुसाइड'। दूसरा वाला पहले वाले के वनिस्पत ज्यादा सफल होता है। इसके कारणों पर दिव्या बताती है कि बच्चों में 'पर्सनालिटी डिस्आडर' और 'डिप्रेशन' दो तरह के आत्महत्या के लक्षण पाए जाते हैं। डिप्रेशन की स्थिति में बच्चे को यह लगने लगता है कि मैं बेचारा हूं, निकम्मा हूं और मेरा भविष्य अंधकारमय है। कहने का अर्थ है बच्चे में दुश्चिंता, हताशा, निराशा, असहयोग एवं असार्थकता की भावना प्रबल होती है। वैसी स्थिति में बच्चों में आत्महत्या की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

उपचार

हमने बच्चों में आत्महत्या की घटनाओं के पीछे छिपे कारणों, स्थितियों आदि पर विचार किए। यदि यह रोग है तो इसके निदान भी होंगे। ऐसे बच्चों को कैसे ठीक किया जाए, इस पर दिव्या बताती है, आत्महत्या की तीव्रता, नाजुक स्थिति को जांचने के बाद दवाईयों का प्रयोग करते हैं ताकि घबराहट, अवसाद, चिंता से विद्वेलित मन नियंत्रण में आ सके। इस विधि में तीन से छह माह लगते हैं। दूसरी विधि है, साइको–थेरेपी, काग्नेटिव बिहेवियर थैरेपी आदि। यों तो काग्नेटिव बिहेवियर थैरेपी साइको थेरेपी में ही शामिल कर लिया जाता है। इसके अलावा ध्यान, योग, दैनिक क्रियाकलापों में छोटे–छोटे लक्ष्य निर्धारण करके बच्चों में फिर आत्मविश्वास जागृत किया जाता है।

निष्कर्ष

आत्महत्या एक संवाद है। यह संवाद स्वयं से होता है। बल्कि कहना चाहिए कि इस संवाद में कुंठाएं, निराशाएं, उन्माद, सामाजिक, शैक्षिक दबाव आदि शामिल होते हैं। जब एक बच्चा (व्यक्ति) आत्महत्या का मन बनाता है तब वह निपट अकेला नहीं होता। उसके पीठ पर मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक, पारिवारिक, सामाजिक दबाव एवं प्रतिष्ठा का भारी बस्ता लदा होता है। जब हम आत्महत्या की पृष्ठभूमि में जाते हैं तो हमें एक ही कठघरे में शिक्षा, समाज, मनोविज्ञान एवं परिवार खड़े मिलते हैं। कितना सुखद होता कि हम बच्चों को दबावमुक्त वातावरण में विकसित, निर्मित होने देते ताकि उनका संपूर्ण, समुचित एवं संतुलित विकास हो पाता। श्री अरविन्द का मानना है कि बच्चों को कुछ भी सीखाया नहीं जा सकता। बस हम (अभिभावक, अध्यापक) एक मार्गदर्शक की भूमिका ही निभाएं। मगर ऐसा व्यावहारिक धरातल पर नहीं देखा जाता। हम शासक होते हैं। हमीं उपदेशक होते हैं। बच्चे तो प्रजा एवं आदर्श श्रोता की भूमिका निभाने को विवश होते हैं। इस विभेद को खत्म करना पहला कदम होगा बच्चों को आत्महत्या के रास्ते पर जाने से रोकने के लिए। तभी सच्चे अर्थों में हम समाज एवं देश को भविष्य का कर्त्ता–धर्त्ता दे पाएंगे। ❑

(स्वतंत्र पत्रकार)

सारिणी–2

प्रतिशत अन्तर

1997	1998	1988	2000	2000 में 1996 के स्तर से	2000 में 1999 के स्तर से
13	28	24	18	63.6%	25%

स्रोत : भारत गृहमंत्रालय, राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो (2002)

IAS

2003-04

दर्शनशास्त्र

सर्वाधिक लोकप्रिय एवं अंकदायी विषय

द्वारा

धर्मेन्द्र कुमार

पिछले सात बैचों की लगातार शानदार सफलता के पश्चात् अब और नए परिष्कृत एवं परिमार्जित अध्ययन सामग्री के साथ

कक्षा-कार्यक्रम

✡ दर्शनशास्त्र (मुख्य परीक्षा)	–	27 नवम्बर
✡ **Philosophy (English Medium)**	–	**27th November (Separate Batch) (With Complete Study Materials)**
✡ दर्शनशास्त्र (प्रारम्भिक (P.T.))	–	फरवरी के दूसरे सप्ताह से
✡ सामान्य अध्ययन (मुख्य+प्रारम्भिक)	–	3 दिसम्बर (राजीव महेश्वरम् एवं अन्य विशेषज्ञ)
✡ राजनीति विज्ञान	–	द्वारा जीतेन्द्र कृष्णन

निःशुल्क कार्यशाला–नवम्बर अन्तिम सप्ताह
कक्षा प्रारम्भ–दिसम्बर प्रथम सप्ताह

नामांकन प्रारम्भ : 1 नवम्बर

निःशुल्क कार्यशाला (दर्शनशास्त्र) : 23, 24, 25 नवम्बर

पत्राचार कार्यक्रम : दर्शनशास्त्र (मुख्य परीक्षा)

- *संस्थान दर्शनशास्त्र हेतु परिष्कृत एवं गुणात्मक दृष्टि से श्रेष्ठ अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है। जो अभ्यर्थी व्यस्तता, असमर्थता या किसी अन्य कठिनाई के कारण दिल्ली आकर कक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकते, वैसे अभ्यर्थी पत्राचार के माध्यम से इस सम्पूर्ण सामग्री को प्राप्त कर सकते हैं।*
- *इसमें वैसे सभी अध्यायों की भी समुचित एवं क्रमवार विवेचना की गई है जिस पर उहापोह की स्थिति है, जैसे-ईश्वर की धारणाएँ, ईश्वर विहीन धर्म, वैज्ञानिक मनोवृत्ति एवं प्रगति, पर्यावरण-दर्शन आदि।*

पत्राचार-कार्यक्रम की विशेषता होगी:–

1. *सुव्यवस्थित एवं उपयोगी अध्ययन सामग्री*
2. *उत्तर लेखन शैली का विकास*
3. *प्रश्नोत्तर जांच की व्यवस्था*
4. *पिछले 10 वर्षों के प्रश्नों का क्रम-वार संग्रह*

❑ पत्रचार सामग्री को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित राशि का दिल्ली में भुगतान योग्य बैंक ड्राफ्ट, "**Dharmendra Kumar**" के नाम भेजें।

पत्रचार कार्यक्रम का शुल्क : 2600/-

I.A.S. PATANJALI

PATANJALI

2580, HUDSON LINE, KINGSWAY CAMP, DELHI-110009
PH. : 27402108, MOBILE : 9811583851

आशियान के साथ घनिष्ठ संबंधों की शुरुआत

○ नवीन पंत

बाली में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आशियान देशों के साथ प्रगाढ़ आर्थिक संबंधों की शुरुआत की है। उन्होंने आशियान के साथ भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया को मिलाकर एशियाई आर्थिक समुदाय बनाने की पेशकश की है। लेखक का मत है कि वाजपेयी जी के इस प्रयास के सफल हो जाने के बाद इस क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि का नया युग शुरु होगा।

भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के बीच अन्यत प्राचीन काल से घनिष्ठ राजनीतिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध है। भरतीयों ने ईसा के जन्म से लगभग पांच सौ वर्ष पहले दक्षिण पूर्व एशिया की ओर जाना शुरु कर दिया था। प्रारम्भ में वे म्यांमार और मलेशिया होकर जमीनी मार्ग से इस देशों को जाते थें। इन लोगों ने पांचवी शताब्दी ईस्वी तक मलय प्रायद्वीप और कम्बोडिया क्षेत्र में अनेक राज्य स्थापित कर लिए थे। इनके बारे में हमे चीनी इतिहासकारों के वर्णनों और इस स्थानों पर प्राप्त मंदिरों के अवशेषों से पता लगता है।

मलयेशिया में तक्कोला (आधुनिक ताकुआ) या भारतीय व्यापारियों, धर्म प्रचारकों और विद्वानों के पहुंचने का पहला स्थान था। यहां से कुछ लोग जमीनी मार्ग से श्याम, अनाम, कम्वोडिया और समुद्री मार्ग से सुवर्ण द्वीप जावा, सुमात्रा, बाली पहुंचे। इन लोगों ने यहां विशाल चम्पा, कम्वोज और शैलेद्र साम्राज्यों की स्थापना की।

इस साम्राज्यों के बारे में एक बात उल्लेखनीय और हमेशा याद रखने योग्य है कि इसकी स्थापना भारत से सैनिक

प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी

दल भेज कर नहीं की गई थी। स्थानीय जनता ने इस लोगों को स्वयं राजसत्ता सौंपी। भारतीयों ने स्थानीय जनता को दास बनाकर नहीं रखा, उनका शोषण नहीं किया। भारतीय पूरी तरह स्थानीय जनता से घुल मिल गए और उन्होंने स्थानीय शिल्प और स्थापत्य को नई ऊचांइयों तक पहुंचाया।

इन भारतीय नरेशों ने इस क्षेत्र की कला, संस्कृति और शिल्प को हर संभव बढ़ावा दिया। उन्होंने इस क्षेत्र में रामायण और महाभारत की कथाओं का प्रचार किया और संस्कृत और पाली में अनेक शिलालेखों में अपनी कीर्ति अंकित करायी। उन्होंने कम्वोडिया में अंकोरवाट और इंडोनेशिया में बोरोबुदूर जैसे विशाल मंदिरों–मठों का निर्माण कराया, जिन्हें देखकर आज भी लोग आश्चर्य में पूछते हैं कौन थे वे लोग जिन्होंने इनका निर्माण किया? इस स्मारकों की आत्मा तो भारतीय है लेकिन इनका स्वरूप स्थानीय है।

यह बड़े हर्ष की बात है कि भारत के साथ आशियान देशों के संबंध फिर से प्रगाढ़ हो रहे हैं। आशियान दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ है। इसकी स्थापना 8 अगस्त, 1967 को वेंकाक में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाइलैंड ने की थी। 1984 में इस संगठन में ब्रुनेई (दारुस्सलाम) 1995 में वियतनाम, 1997 में लाओस और म्यांमार और 1999 में कम्वोडिया शामिल हो गएं।

आशियान की जनसंख्या 50 करोड़, क्षेत्रफल 45 लाख वर्ग किलोमीटर और सकल राष्ट्रीय उत्पाद 737 अरब डालर है। इसका कुल व्यापार 720 डालर का है। इस संगठन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य है 'क्षेत्र का आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सांस्कृतिक विकास

में तेजी लाना और क्षेत्रीय शान्ति और स्थिरता को मजबूत बनाना'। 1995 में आशियान देशों के राज्याध्यक्षों और शासनाध्यक्षों ने कहा कि आशियान का मूलमंत्र है – "आपसी सहयोग से शान्ति और समृद्धि।" 25 फरवरी, 1976 को हुए आशियान के पहले शिखर सम्मेलन में यह निश्चत किया गया कि इस क्षेत्र के सभी देश एक–दूसरे की स्वतंत्रता, प्रभुसत्ता, प्रादेशिक अखंडता और राष्ट्रीय पहचान का सम्मान करेंगे। प्रत्येक देश को बिना बाहरी दबाव, तोड़–फोड या विध्वंसक कार्यवाईयों के रहने का अधिकार है। आशियान के देश एक–दूसरे के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे और सभी विवादों का शान्तिपूर्ण ढंग से समाधान करेंगे। किसी के विरुद्ध बल प्रयोग की धमकी नहीं देंगे और आपस में पूर्ण सहयोग करेंगे।

प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी बुधवार 8 अक्तूबर, 2003 को बाली, इंडोनेशिया में आशियान – भारत शिखर बैठक में आशियान देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ।

आशियान की स्थापना के समय इस देशों के बीच आपसी व्यापार बहुत कम था। 1967 और 70 के बीच यह व्यापार 12 से 15 प्रतिशत के बीच था। आपसी व्यापार का बढ़ाने के लिए 1977 में इन देशों ने आपस में तट कर में छूट और अन्य रियायतें देने का निश्चय किया। दस वर्ष बाद, मनीला शिखर सम्मेलन में इस सहयोग को बढ़ाने के और उपाय किए गए। 1992 में सिंगापुर में चौथे शिखर सम्मेलन में आशियान देशों ने आपस में मुक्त व्यापार व्यवस्था शुरू की। तीन वर्ष बाद बैंकाक शिखर में अशियान देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने के अनेक उपायों को स्वीकार किया गया। इस उपायों में सदस्य देशों के बीच घनिष्ठ आर्थिक सहयोग और भागीदारी बढ़ाने, इस क्षेत्र में माल, सेवाओं निवेश, पूंजी के मुक्त प्रवाह और सभी सदस्य देशों के न्यायसंगत आर्थिक विकास पर जोर दिया गया। इस संकल्प को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए 'हनोई कार्य योजना' (1998) बनाई गई। व्यापार और निवेश में समन्वय लाने के अलावा आशियान ने क्षेत्रीय सहयोग को सुदृढ अधार प्रदान करने के लिए सदस्य देशों के बीच नई सड़क–रेल मार्गों के निर्माण और पुरानी सड़कों–रेल मार्गों की मरम्मत, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और दूरसंचार की व्यवस्था के आधुनिकीकरण का काम बड़े पैमाने पर शुरू किया। इसके अलावा, आशियान पावर ग्रिड, ट्रांस आशियान गैस पाइप लाइन परियोजना भी शुरू कीं। इन उपायों के परिणामस्वरूप आशियान देशों ने आर्थिक क्षेत्र में जबर्दस्त प्रगति की। उन्हें एशियाई शेर कहा जाने लगा। उनका आपसी व्यापार जो 1993 में 43.26 अरब डालर था, 1996 में 80 अरब डालर हो गया। इस समय आशियान देश व्यापार, निवेश, उद्योग, सेवाएं, वित्त, कृषि, वन, ऊर्जा, परिवहन, संचार, बौद्धिक सम्पत्ति, छोट और मंझोले उद्यम और पर्यटन में घनिष्ठ सहयोग कर रहे हैं। आशियान देशों ने 1997 में सन 2020 तक आशियान देशों को अत्यंत विकसित देशों की श्रेणी में ले आने का संकल्प व्यक्त किया है। इस बात की पूरी संभावना है कि वे अपने इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

भारत आशियान संबंध

भारत आशियान संबंधों की स्थापना 1992 में उस समय हुई जब आशियान के शासनाध्यक्षों ने अपने चौथे शिखर सम्मेलन में सर्वसम्मति से भारत को सेक्टोरियल डायलाग पार्टनर (क्षेत्रीय

बातचीत भागीदार) की हैसियत प्रदान की। यह हैसियत प्राप्त हो जाने के बाद भारत आशियान के विदेश मंत्रियों की और अधिकारियों की बैठक में भाग लेने का अधिकारी हो गया। इससे पहले भारत की विदेश नीति में यह नीतिगत निर्णय लिया जा चुका था कि दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ घनिष्ठ आर्थिक, राजनीतिक संबंध स्थापित किए जाएं। भारत ने जुलाई 1996 में आशियान के मंत्री सम्मेलन और आशियान क्षेत्रीय मंच में भाग लिया।

इसके बाद आपसी संबंधों को अधिक मजबूत बनाने के लिए दोनों पक्षों ने आशियान–भारत सहयोग समिति का गठन किया। 1996 में दिल्ली में इसकी पहली बैठक हुई। फरवरी 1998 में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने आपसी हित और राजनीतिक–आर्थिक और सुरक्षा विषयों में विस्तार से विचार–विमर्श किया। इस विचार विमर्श के परिणामस्वरूप भारत–आशियान संबंधों को अधिक ठोस संस्थागत रूप देने का फैसला किया गया और विकास, विज्ञान टेक्नोलाजी और व्यापार और निवेश पर कार्यदल बनाए गएं। इसी के साथ आशियान–भारत व्यापार परिषद की स्थापना की गई।

आशियान देशों के कुछ नेता सन् 2000 से भारत को आशियान शिखर सम्मेलन में बुलाए जाने का प्रयास कर रहे थें। उनके इन प्रयासों के परिणामस्वरूप आशियान देशों के सातवें शिखर सम्मेलन, नवम्बर 2001 में सर्वसम्मति से भारत को आशियान – भारत शिखर बैठक में बुलाने का फैसला किया गया। नवम्बर 2002 में कम्बोडिया, नोम पेन्ह में भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ऐसी पहली बैठक में भाग लिया। इसी के साथ भारत–आशियान संबंधों में एक युग शुरू हुआ।

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दक्षिण एशियाई देशों के साथ घनिष्ठ आर्थिक संबंध स्थापित करने पर सबसे अधिक जोर देते रहे हैं। आशियान में दस में से सात देशों की यात्रा कर चुके हैं। अब उन्हें केवल म्यांमार (बर्मा), ब्रुनेई (दार ए सलाम) और फिलीपींस की यात्रा करनी है।

प्रधानमंत्री बाजपेयी ने बाली बैठक में दस देशों के आशियान संगठन के साथ सन 2011 तक मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने के समझौते को दस महीने की अल्प अवधि में अंतिम रूप दिया। दस महीने की अवधि में इतनी बड़ी सफलता प्राप्त करना निस्संदेह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। चीन को आशियान के साथ इसी तरह के समझौते को अंतिम रूप देने में लगभग तीन वर्ष लगे थे।

प्रधानमंत्री वाजपेयी ने बाली बैठक में दस देशों के आशियान संगठन के साथ सन 2011 तक मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने के समझौते को दस महीने की अल्प अवधि में अंतिम रूप दिया। दस महीने की अवधि में इतनी बड़ी सफलता प्राप्त करना निस्संदेह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। चीन को आशियान के साथ इसी तरह के समझौते को अंतिम रूप देने में लगभग तीन वर्ष लगे थे।

इसके अलावा दो और समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें पहला था आतंकवाद के खिलाफ भारत और आशियान का संयुक्त घोषणा–पत्र। इस घोषणा–पत्र में आतंकवाद का मिलकर मुकाबला करने और उसे निष्प्रभावी बनाने के लिए सूचना का आदान–प्रदान करने की व्यवस्था है। इस समझौते की विशेषता यह है कि इस पर बाली में हस्ताक्षर किए गए, जहां 12 अक्टूबर को एक बम विस्फोट में 202 व्यक्तियों की जानें गई थीं। इसके बावजूद इंडोनेशिया में आशियान और भारत का शिखर सम्मेलन आयोजित करके इंडोनेशिया ने आतंकवाद के सामने न झुकने का संकल्प व्यक्त किया।

भारत ने इस अवसर पर आशियान के साथ मैत्री और सहयोग की भी संधि की। यह संधि आशियान देशों के साथ भारत की बढती हुई घनिष्ठता को प्रकट करती है।

प्रधानमंत्री ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के सामने इस देशों की विमान सेवाओं के लिए भारतीय आकाश को खोलने की भी घोषणा की। इस प्रस्ताव के अंतर्गत इन देशों की विमान सेवाएं चार भारतीय महनगरों – दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुम्बई के लिए दैनिक उडानें कर सकेंगी। इसके अलावा वे 18 पर्यटक स्थल के लिए असीमित उड़ाने भर सकेंगी। श्री वाजपेयी ने आशियान देशों के साथ सड़क और रेल संपर्क शुरू करने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह प्रस्ताव किया कि गुवाहाटी से म्यामांर, थाईलैंड, कम्बोडिया होकर वियतनाम की राजधानी तक आशियान–भारत कार रैली शुरू की जाए।

प्रधानमंत्री ने दस देशों अशियान संगठन में भारत, चीन, दक्षिण कोरिया और जापान को शामिल करके एशियाई आर्थिक समुदाय बनाने की वकालत की उन्होंने कहा इस तरह का विशाल एशियाई समुदाय बन जाने के बाद इस क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व तेजी आएगी। बाली बैठक की प्रमुख उपलब्धि आर्थिक सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर करना थी। इस समझौते में इस क्षेत्र में सामान, सेवाओं और निवेश में मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने की योजना है। ❑

(वरिष्ठ पत्रकार)

IAS/PCS

आरोहण

(हिन्दी माध्यम)

❋ प्रारंभिक से साक्षात्कार तक आपके साथ ❋

उपलब्ध विषय :-

- भूगोल (प्रारंभिक + मुख्य)
- दर्शनशास्त्र (सिर्फ मुख्य)
- हिन्दी साहित्य
- सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक + मुख्य)
- निबंध

{ हिन्दी माध्यम के लिए बेहतर विकल्प एवं सर्वाधिक अकंदायी विषय }

एकमात्र संस्थान जो प्रारंभिक परीक्षा में सफलता की पूरी गारंटी देता है, अन्यथा फीस वापस ।

विशेष आकर्षण :-

✦ विषय चयन से संबंधित निःशुल्क मार्गदर्शनः सिविल सेवा के अभ्यर्थियों (विशेषकर हिन्दी माध्यम) के समक्ष प्रमुख समस्या वैकल्पिक विषय के चयन, पुनः उसकी तैयारी के तौर-तरीको की होती है । विषय का सही चयन (विशेषकर दूसरा वैकल्पिक विषय) न कर पाना ही सफलता में सबसे बड़ी बाधा है । अतः यहां के एक्सपर्ट (यदा-कदा प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेगें) द्वारा अभ्यर्थियों की पृष्ठभूमि, रुचि अर्थात हर पहलुओं पर गौर करते हुए निष्पक्ष मार्गदर्शन किया जाता है । संभव है आपको वैसे विषय के चयन का सुझाव दिया जाए जो हमारे यहां उपलब्ध न हो । अर्थात मेरे लिए आपकी सफलता सर्वोपरि है, जिसे आप खुद भी महसूस करेंगे ।

नोट : इसके लिए कार्यालय से संपर्क कर समय निश्चित कर लें ।

अन्य आर्कषण :-

- ✦ मुख्य परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्ति हेतु विस्तृत एवं गहन अध्ययन वैज्ञानिक विधि द्वारा ।
- ✦ निश्चित समय - अंतराल पर आंतरिक परीक्षाओं का आयोजन ।
- ✦ आंतरिक परीक्षा के टापर्स को (प्रोत्साहन के लिए) पूरी फीस तत्काल वापस ।
- ✦ SC/ST/OBC को फीस में छूट ।
- ✦ प्रत्येक छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन की सुविधा ।
- ✦ सामान्य अध्ययन अलग-अलग विशेषज्ञों द्वारा।
- ✦ निबंध के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा एवं अभ्यास ।
- ✦ साक्षात्कार वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा।
- ✦ छात्र एवं छात्राओं के रहने की अलग-अलग व्यवस्था ।

नामांकन अधिकतम 30

पता : 204, दूसरी मंजिल, A-23, 24 सतीजा हाउस (बत्रा सिनेमा हाल के पीछे), डा. मुखर्जी नगर, दिल्ली-9

011-27652362 (O)
011-35216097 (M)

कानकुन में एक–दूसरे की चिंताओं को समझने का स्तर बढ़ा

○ अरुण जेटली

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का पांचवां मंत्रीस्तरीय सम्मेलन समाप्त हुए एक माह से भी अधिक समय बीत गया है। सम्मेलन में मचा शोर और उन्माद धीरे–धीरे समाप्त हो गया है। और उम्मीद है कि अब नाराजगी भी शांत हो गई होगी। वहां मौजूद हम सभी लोगों और डब्ल्यूटीओ के सभी सदस्य देशों के लिए यह आवश्यक है कि हम निष्पक्षता के साथ चिन्तन करें कि क्या कुछ हुआ, क्या गलत हुआ, क्या सही हुआ और हम किस तरह आगे बढ़ सकते हैं, जैसा दोहा में तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हमेशा से करते आए हैं।

मेरे विचार से किसी मंत्रीस्तरीय सम्मेलन को एक बार होने वाली घटना मानना मौलिक गलती होगी जहां चार अथवा पांच दिन के छोटे से समय में मंत्रियों द्वारा महत्वपूर्ण फैसले लिये जाएं। कोई भी मंत्रीस्तरीय सम्मेलन पांच दिन का आश्चर्य नहीं बन सकता। सफलता अनिवार्य रूप से महीनों की कड़ी बातचीत पर निर्भर करती है जो ऐसी किसी घटना के पहले होती है और मुख्य कार्यक्रम से पहले तकनीकी विशेषज्ञों तथा वार्ताकारों द्वारा तैयार तर्कसंगत नतीजों पर भी निर्भर करती है। इसलिए कानकुन की कहानी को मैक्सिको के खूबसूरत समुद्री रिर्सोट में उन पांच दिनों के दौरान हुए घटनाक्रम तक सीमित नहीं रखा जा सकता। वस्तुतः उसकी शुरुआत दोहा में और शायद दोहा से पहले ही हो चुकी थी और यह सुनिश्चित करने के लिए विकासशील

कानकुन सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री अरुण जेटली

देशों द्वारा संगठित रूप से संघर्ष छेड़ा गया कि दोहा कार्यक्रम में विकास का आयात केंद्रबिन्दु बने।

दोहा मंत्रिस्तरीय घोषणा में आर्थिक विकास के लिए एक शस्त्र के रूप में व्यापार का समर्थन किया गया विशेषकर विकासशील और कम विकसित देशों के मामले में। इसमें कहा गया कि डब्ल्यूटीओ के ज्यादातर सदस्य विकासशील देश हैं हम इस धारणा में स्वीकृत कार्य योजना के केंद्र में उनकी जरूरतों और हितों को रखना चाहते हैं। यह नई अवधारणा नहीं है। यह वस्तुतः उरुग्वे दौर की वार्ता में वार्ताकारों की इच्छा का परिचायक है। विश्व व्यापार संगठन की स्थापना करने के लिए हुए मराकेश समझौते ने भी ऐसे सकारात्मक प्रयासों की आवश्कता को माना है जो यह सुनिश्चित करने के इरादे से किए गए हों कि विकासशील देश और उनमें भी कम विकसित देश अपनी आर्थिक विकास की आवश्यकताओं के अनुरुप अंतरर्राष्ट्रीय व्यापार में हो रही प्रगति में अपनी हिस्सेदारी पाएं। दोहा घोषणा विश्व व्यापार संगठन के कार्य को उसके पहले सिद्धान्त पर केन्द्रित करने का प्रयास थी। दोहा के बाद हालांकि जिनेवा में हुई बातचीत कमजोर रही।

दोहा घोषणा ने विकास से संबद्ध परिणामों को हासिल करने के लिए कुछ सपष्ट समय सीमा निर्धारित की। ये विशेष प्रावधानों से संबद्ध है तथाकथित कार्यान्वयन के मुद्दे मूलतः उरुग्वे दौर के समझौतों को लागू करने के दौरान विकासशील देशों ने जिन समस्याओं की पहचान की, कम विकसित और विकासशील देशों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रभावशाली तंत्र बनाने की समस्या जिनके पास फार्मा क्षेत्र में या तो कोई क्षमता नहीं है या फिर अपर्याप्त निमार्ण क्षमता है। कृषि, गैर कृषि बाजार पहुंच एवं सेवाओं जैसे बाजार पहुंच से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंध में समय सीमा तय की गई।

बिना किसी ठोस परिणाम के एक के बाद दूसरी समय सीमा तय होती रही। विकासशील और कम विकसित देशों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा था। ऐसा लगा कि हमारे कुछ व्यापार साझीदार

और डब्लूटीओ सचिवालय भी जिनेवा के बदले माहौल में जैसे कुछ भूलते जा रहे हैं। मेरा इरादा कतई यह नहीं है कि मैं विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से लिखूं ऐसे मुद्दों के बारे में जो या तो अभी वार्ता की प्रक्रिया में है या डब्ल्यूटीओ की संस्थाओं में जिन पर चर्चा चल रही है। मगर कृषि क्षेत्र में काफी अधिक सब्सिडी दे रहे हैं, इससे इन देशों में बाजार पहुंच ही सीमित नहीं होती बल्कि तीसरी दुनिया के देशों के बाजारों के लिए निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा भी रुक जाती है। साथ ही सब्सिडी प्राप्त उत्पादों के प्रवाह ने अत्यंत गरीब विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्र को नष्ट कर दिया है। विकासशील देश आम तौर पर पूरी तरह कृषि पर ही निर्भर है और मौजूदा प्रणाली विकास अवरुद्ध कर रही है। कई विकासशील देशों में कृषि को तबाह कर रही है।

भारत जैसे भारी ग्रामीण आबादी वाले देशों में लोग कृषि पर पूरी तरह निर्भर है और उनमें से अधिकतर या तो गरीबी रेखा के नीचे या फिर इसके कुछ करीब जीवन बसर कर रहे हैं। बाजर में छोटी–सी बाधा कीमतें तेजी से गिरा सकती जिससे आय में गिरावट आएगी। इससे भुखमरी और तंगहाली होगी। इसी तरह विकासशील देशों में खराब आधारभूत ढांचे, अधिक पूंजी लागत, पूंजी और प्रौद्योगिकी से जुड़ी खामियों के कारण कम उत्पादकता और अन्य समस्याओं को कम करने के लिए हमें लघु एवं कुटीर उद्योगों पर निर्भर होना ही था जिनसे अपेक्षाकृत कम पूंजी मूल्य पर अधिक रोजगार उपलब्ध होते हैं। सेवा क्षेत्र मं भी स्वाभाविक लोगों की आवाजाही और सीमा पारीय सेवा आपूर्ति के माध्यमों पर पर्याप्त ध्यान दिया गया। ज्यादा जोर वाणिज्यिक मौजूदगी पर रहा यानी संयुक्त उपक्रम लगाना तथा विदेशी स्वामित्व वाली कंपनियों एवं ऐसी ही अन्य गतिविधियों पर जिनेवा वार्ता में विचार किया जाएगा। सच्चाई यह है कि दोहा के बाद की पूरी अवधि में शायद ही कोई गतिविधि हुई हो और विकासशील देशों की समस्याओं को दूर करने के लिए कोई उचित प्रयास नहीं हुआ।

जब मैं विकासशील देशों की बात करता हूं तो स्वाभाविक तौर पर मेरे दिमाग में यह बात आती है कि विकासशील देश विभिन्न मुद्दों पर खुद ही अपना रुख बदल रहे हैं और भारत के मामले में जो लागू होता है ऐसा जरूरी नहीं कि अन्य विकासशील देशों के मामले में भी ऐसा ही हो। कानकुन में हमने जो देखा वह जबर्दस्त एकजुटता और विकासशील देशों के बीच हितों को लेकर साझा नजरिया था हालांकि सभी मुद्दों पर सभी देशों ने एक जैसा रुख नहीं अपनाया। उदाहरण के लिए सिंगापुर मुद्दे पर हमारा जो रूख था सभी विकासशील देशों का वह रुख नहीं था। कृषि क्षेत्र में समझौतें के तीन स्तंभों को लेकर परस्पर अलग–अलग नजरिये रहे घरेलू समर्थन, निर्यात प्रतिस्पर्धा और बाजार पहुंच। जो खुशगवार बात रही वह यह थी कि विकासशील देशों में एक–दूसरे तक पहुंचने, संपर्क साधने की इच्छा दिखी।

कानकुन सम्मेलन से पहले अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ मिलकर आने के फैसले के कारण ही विकासशील देशों ने एकजुट रहने का निर्णय लिया जिससे समूह–17 की उत्पत्ति हुई जो अब समूह–22 बन गया है। कृषि मुद्दे पर समूह–22 के वार्ताकार तथा अमेरिका व यूरोपीय संघ के साथ कई बैठकें हुईं लेकिन सिंगापुर मुद्दे पर किसी भी समय कोई संदेह नहीं था। अधिकांश देश व्यापार और निवेश, व्यापार और प्रतिस्पर्धा नीति, व्यापार सुविधा और सरकारी खरीद में पारदर्शिता के मुद्दों पर बातचीत के खिलाफ थें। इनमें एलडीसी समूह, एसीपी समूह और अफ्रीकी समूह के अलावा भारत, चीन, मलेशिया, फिलीपींस और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल रहे।

जब मैंने सिंगापुर मुद्दे पर नियुक्त वार्ताकार कनाडा के मंत्री पेट्टीग से मुलाकात की और उनसे कह दिया कि उनका लक्ष्य शायद सबसे आसान है। दोहा घोषणा में बातचीत की रुपरेखा के बारे में स्पष्ट आम सहमति की अपील की गई थी उन्हें केवल यह रपट देनी है कि किसी भी मुद्दे पर स्पष्ट आम सहमति नहीं है। लेकिन जब 13 अगस्त को अध्यक्ष का संशोधित मसौदा सामने आया हम सकते में आ गए। कृषि मसले पर हमारी चिंताओं को दरकिनार कर दिया गया था। कपास सब्सिडी के बारे में तोड़–मरोड़ कर कही गई बातों को सुधारने के सवाल की पूरी तरह अनदेखी की गई। अगले दिन ग्रीन रूम में हुई बैठक में करीब 38 देशों ने भाग लिया। मुझे उम्मीद थी कि कोई नतीजा निकलेगा लेकिन हम सभी को उस समय आश्चर्य हुआ जब अध्यक्ष ने अचानक तय किया कि अन्य मुद्दों पर विचार किये बिना ही मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को सम्पन्न कर दिया जाए।

बैठक के इस तरह समाप्त होने से आशंकाएं हावी हुईं और कई प्रश्न अनुत्तरित रह गए लेकिन यह हमारे ऊपर हैं कि हम कुछ हिस्सों को चुन लें और दिसम्बर तक किसी परिणाम को हासिल करने का प्रयास करें, जब आम परिषद की बैठक होना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी सदस्यों से प्रतिबद्धता और समर्पण अपेक्षित होगा। कानकुन में जहां कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकल सका मेरा मानना है कि फिर भी प्रगति हुई है। कृषि और सिंगापुर मुद्दों पर आगे गतिविधि हुई है और एक–दूसरे की चिंताओं और संवेदना को समझने का स्तर बढ़ा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि हम इस अभ्यास को जारी रखें। मुद्दों पर ध्यान केंद्रित रखे। ❑

(भाषा से साभार)

फिर टकराए अमीरों और गरीबों के हित

○ अनन्त मित्तल

कानकुन बैठक की विशेषता यह रही कि व्यापार संगठन की अब तक हुई सभी बैठकों के मुकाबले विकासशील देश इस बार कहीं ज्यादा मुखर रहें और उन्होंने अपने हित पर आंच लगाने की आंशका वाले सभी प्रस्ताव का डटकर विरोध किया। गौरतलब है कि अभी तक हुए किसी भी दौर की बातचीत में बैठक के बाद कोई भी सर्वसम्मत घोषणा न हो पाने की नौबत नहीं आई थी, मगर इस बार ऐसा ही हुआ। कानकुन बैठक के बाद उसमें शामिल देशों द्वारा कोई घोषणा नहीं की जा सकी। अब संगठन की अगली बैठक जिनिवा में प्रस्तावित है।

कानकुन में हुई विश्व–व्यापार संगठन की पांचवीं मंत्रिस्तरीय बैठक भी विकसित और विकासशील देशों की आपसी खींचतान के कारण सुर्खियों में रही। इस बैठक के बारे में हालांकि प्रचारित यह किया जा रहा है कि बातचीत, कृषि उत्पादों पर अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा की जा रही अंधाधुंध सब्सिडी में कटौती न करने के और विकासशील देशों द्वारा ऐसा करवाने की मांग पर आमादा हो जाने के कारण टूटी है। लेकिन बैठक का शोरगुल और उससे जोड़े गए देशभक्ति के उबाल के बैठ जाने पर अब सच्चाई यह सामने आ रही है कि बातचीत, दरअसल सिंगापुर बैठक के प्रमुख मुद्दों पर इस बैठक में भी कोई आम राय न बन पाने के कारण टूटी है। सिंगापुर बैठक के प्रमुख मुद्दे थे – विदेशी निवेश प्रतिस्पर्धा, कानून, सरकारी खरीद में पारदर्शिता और बाजार तक मनचाही पहुंच। रही बात कृषि सब्सिडी में कटौती और विकासशील देशों के कृषि उत्पादों के आयात के लिए भी अमीर देशों का बाजार खुलवाने की बहस की, तो इस मुद्दे पर अमेरिका और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों के साथ भारत सरकार की इस वर्ष मार्च के महीने से ही बातचीत चल रही थी और वे दोनों ही सब्सिडी में चरणबद्ध कटौती करने के लिए तैयार थें। यूरोपीय संघ ने तो इस तथ्य की पुष्टि भी की है। यूरोपीय संघ के भारत स्थित शिष्टमंडल के प्रमुख पदाधिकारियों ने हाल में कुछ चुनींदा पत्रकारों के साथ एक संगोष्ठी में यह रहस्योदघाटन किया है। उन्होंने बताया कि यूरोपीय संघ द्वारा भारत सरकार के नुमाइंदों को इस बारे में दिए गए प्रस्ताव पर सहमति बन गई थी, मगर बाद में अचानक सब कुछ उल्टा–पुल्टा हो गया।

इस बैठक की विशेषता यह रही कि व्यापार संगठन की अब तक हुई सभी बैठकों के मुकाबले विकासशील देश इस बार कहीं ज्यादा मुखर रहें और उन्होंने अपने हित पर आंच लगाने की आंशका वाले सभी प्रस्ताव का डटकर विरोध किया। गौरतलब है कि अभी तक हुए किसी भी दौर की बातचीत में बैठक के बाद कोई भी सर्वसम्मत घोषणा न हो पाने की नौबत नहीं आई थी, मगर इस बार ऐसा ही हुआ। कानकुन बैठक के बाद उसमें शामिल देशों द्वारा कोई घोषणा नहीं की जा सकी। अब संगठन की अगली बैठक जिनिवा में प्रस्तावित है। लेकिन जाहिर है कि तब तक अमेरिका तो कम से कम चुप नहीं बैठेगा और अपने व्यापार सहयोगियों पर द्विपक्षीय समझोते करने के लिए दबाव डालेगा। उल्लेखनीय है कि भारत में लगभग 65 प्रतिशत आबादी रोजगार, कृषि और उसी से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है। सकल राष्ट्रीय उत्पाद में भी कृषि क्षेत्र को 30 प्रतिशत योगदान है। कमोबेश यही स्थिति अन्य विकासशील देशों की

भी है। इसलिए वे कृषि पर सब्सिडी को लेकर इतने संवेदनशील हैं। उन्हें लगता है कि जब तक सब्सिडी का स्तर विकसित और विकासशील देशों में बराबर नहीं हो जाता तब तक कृषि उत्पादों के आयात को खुली छूट नहीं दी जा सकती। यदि छूट हड़बड़ी में दी गई तो हमारे विदेशी अनाज और अन्य कृषि उत्पादों से पट जाएंगे तथा देशी किसान दिवालिया हो जाएंगे। जिससे विशेषज्ञों के अनुसार – अंततः हमारी खाद्य सुरक्षा ही खतरे में पड़ जाएगी।

इसीलिए बैठक में विश्व के 65 प्रतिशत किसानों वाले विकासशील देशों ने एक स्वर में विकसित देशों की मनमानी का विरोध किया और भारत ने इसमें अहम भूमिका निभायी। विकासशील देशों की एकता को भंग करने के लिए विकसित देशों के प्रलोभन भी बेकार गए। इस बैठक से शीतयुद्ध की समाप्ति और सोवियत संघ के विघटन के बाद विश्व मानचित्र पर पहली बार तीसरी दुनिया यानी विकासशील देशों की एकता फिर से कायम हुई। साथ ही यह मान्यता भी टूटी है कि सारी शक्ति अमेरिका तथा उसके सहयोगी देशों में ही समाहित हो गए हैं और बाकी दुनिया उनका उपनिवेश बनकर रह गया है। विकसित देशों की मनमर्जी का विरोध करते हुए, कानकुन में हुए सम्मेलन में भी विकासशील देशों ने अपनी अलग लाइन रखी और दो साल पहले दोहा में तय किए गए एजेंडे को आगे बढ़ाया। भारत की भूमिका इस दौरान महत्वपूर्ण रही और विकासशील देशों ने जो आक्रामक रूख अपनाया, उसके पीछे अरूण जेटली के नेतृत्व में भारतीय रणनीति काफी हद तक जिम्मेवार रही। दोहा में मुरासोली मारन ने विकासशील देशों को साथ लेकर डब्ल्युटीओ वार्ता को जिस मुकाम तक पहुंचाया था, उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी अरूण जेटली पर थी, जिसे उन्होंने पूरी खूबी के साथ निभाया।

कृषि के मुद्दे पर विकासशील देशों का ग्रुप जी–21 सक्रिय रहा और निवेश के मुद्दे पर 15 विकासशील देशों ने जी–15 नाम से ग्रुप बना लिया। इसके अलावा समान धारा वाले देशों का भी एक ग्रुप बन गया है। कृषि पर जी–21 देशों ने जो प्रारूप तैयार किया, उसे आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया जाना एक बड़ी सफलता थी। सिंगापुर मुद्दों पर भी इतना दबाव बना दिया गया कि विकसित देश, विदेशी निवेश, प्रतिस्पर्धा कानून, सरकारी खरीद में पारदर्शिता और बाजार तक मनचाही पहुंच पर कानकुन में किसी तरह की मनमानी नहीं कर पाए।

इसके पीछे भारत, चीन और ब्राजील की एकजुटता भी महत्वपूर्ण रही। विकासशील देशों से गतिरोध तोड़ने के लिए डब्ल्युटीओ ने सिंगापुर के व्यापार मंत्री जॉर्ज येओ को वार्ताकार नियुक्त किया, जिन्होंने संबंद्ध पक्षों का नजरिया जानने के बाद वार्ता का मसौदा तैयार किया। विकासशील देशों का तर्क था कि विश्व के 65 प्रतिशत किसान उन्हीं देशों के हैं, इसलिए उनके हित सर्वोपरि हैं। समूह–22 का निर्माण ही किसानों के हितों के संरक्षण के लिए बना था, इसलिए यह मांग की गई कि विकास ऐसा हो, जिसका लक्ष्य किसानों की दशा सुधारना हो। निवेश, प्रतिस्पर्धा नीति, व्यापार सुविधा तथा पारदर्शिता जैसे सिंगापुर बैठक के मुद्दों के बारे में विकासशील देशों का कथन था कि डब्ल्युटीओं के 146 सदस्य जब तक सहमत न हों, तब तक ऐसे मुद्दों पर नियम बनाने के बारे में बातचीत शुरू नहीं हो सकती, चूंकि लगभग 70 विकासशील देश नहीं चाहते कि इन मुद्दों पर बातचीत शुरू की जाए। यहां ये समझना जरूरी है कि आखिर अमीर देश इस बारे में इतना जोर क्यों डाल रहे हैं। सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग का सीधा–सा मतलब यह है कि अमीर देश भी उसमें हिस्सेदार बनना चाहते हैं। वे चाहते है कि विकासशील देशों की सरकारें सरकारी माल की खरीदारी सीधे उनकी कंपनियों से भी करें और बोली प्रक्रिया में उन्हें शामिल होने दें। इसी तरह प्रतिस्पर्धा नीति की मांग भी उनके द्वारा अपनी कंपनियों की पैठ विकासशील देशों में गहरी कराने की कोशिश है। अभी तक बाजार अर्थव्यवस्था अपना लेने के बावजूद तमाम विकासशील देश राष्ट्रीय हित के नाम पर अपने उद्योगों को संरक्षण दे रहे हैं। विकसित देशों की मांग है कि उनकी कंपनियों को देशी कंपनियों के मुकाबले बराबरी से कारोबार का अधिकार दिया जाए। विडंबना यह है कि देशी कंपनियां भी यही मांग करती आ रही हैं, खासकर लघु क्षेत्र की कंपनियां तो ये कर ही रही है कि अमीर देशों की सस्ती ब्याज दरों और आधुनिक प्रौद्योगिकी के आगे उनका बाजार होड़ में टिक पाना असंभव ही है।

बैठक में कृषि उत्पादों का आयात खोलने की अमेरिका और यूरोपीय संघ की शर्त को भी अनुचित बताया गया। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों का कहना था कि लेन–देन दोनों तरफ से होना चाहिये। अमेरिका का कहना था कि ब्राजील जैसे खाद्य पदार्थ निर्यातक बड़े विकासशील देशों पर सब्सिडी तथा आयात कर संबंधी वही नियम लागू होने चाहिये, जो अमेरिका पर लागू करने की बात कही जा रही है। इन सभी मुद्दों पर कानकुन सम्मेलन में विकासशील देशों को मनाने का सिलसिला चलता रहा। इसकी मुख्य वजह ये है कि विश्व व्यापार संगठन दुनिया का एकमात्र ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जिससे अमेरिका जैसी महाशक्ति और माले या सेनेगल जैसे छोटे–छोटे देशों के मत का भी समान महत्व हैं, क्योंकि उसके संविधान के अनुसार किसी भी प्रस्ताव को पारित

करने के लिए सर्वसम्मति आवश्यक है।

इस कवायद से भाजपा को अपनी अतिरिक्त आर्थिक सुधारवादी छवि से मुक्त होने में भी मदद मिलेगी। पूर्व प्रधानमंत्रियों के मंच से डब्ल्युटीओ का लगातार विरोध हो रहा है और स्वदेशी जागरण मंच का तो यहां तक कहना है कि भारत सरकार डब्ल्युटीओ को अपनी जरूरतों के मुताबिक बदले और अगर न बदल पाए, तो इससे अपने–आप को अलग कर ले। मुख्य विपक्षी दल इस पर चुप है, लेकिन उनका भी मानना है कि नुकसान हो रहा है। डब्ल्युटीओ में शामिल होना एक राजनीतिक फैसला था, इसलिए उससे अलग नहीं हुआ जा सकता। वैसे भी अर्थव्यवस्थाओं के खगोलीकरण के इस युग में व्यापार की सभी सीमाएं खुद ही खत्म होती जा रही है, ऐसे में द्विपक्षीय समझौतों के बजाय बहुपक्षीय समझौते ही अंततः कामयाब हो पाएंगे, क्योंकि उनमें सामूहिक विरोध अथवा लेन–देन की गुंजाइश रहती है और यह बात कानकुन में सिद्ध भी हुई है। इसलिए डब्ल्युटीओ से बाहर आ जाने के पैरोकारों को कम से कम अब तो ये राग अलापना बंद कर देना चाहिए। हमारा दुर्भाग्य यह भी है कि यहां विश्व व्यापार संगठन को शुरू से ही कोई अपवित्र संगठन और शैतानों का जमावड़ा बनाकर प्रस्तुत किया जा रहा है और हर बार उसकी बैठक शुरू होते ही देशभक्ति और देशद्रोह के दो पाले खींच दिए जाते हैं। डब्ल्युटीओ में लेन–देन की भावना का समर्थन करने वाले देशद्रोही और उसका विरोध करने वाले देशभक्त बना दिए जाते हैं, जबकि सच यह है कि हमने अपनी मर्जी से उसे अंगीकार किया है और उसके अंतर्गत हुए समझौतों के मद्देनजर हमें आज नहीं तो कल अपने बाजार खोलने ही पड़ेंगे।

विश्व व्यापार संगठन की इस बैठक का भी सिएटल बैठक की तरह उदारीकरण विरोधियों और स्वयंसेवी संगठनों की तरफ से भारी विरोध हुआ और नौबत यहां तक आई कि डब्ल्युटीओ के आयोजकों ने सभी 148 सदस्य देशों के मंत्रियों से आग्रह किया किया वे अपने होटल के कमरे से बाहर नहीं निकलें, क्योंकि शहर और पूरे सम्मेलन स्थल पर अचानक डब्ल्युटीओ विरोधी प्रदर्शनकारियों ने अपना कब्जा जमा लिया था। दक्षिण कोरिया के एक किसान संगठन के पूर्व अध्यक्ष ली युंग हेई ने विकसित देशों की नीतियों के खिलाफ आत्महत्या कर अपना विरोध जताया था। भारत में आंध्र प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों के किसानों की तरह हेई को भी फसलों की कीमतों में आई गिरावट की वजह से आर्थिक घाटा उठाना पड़ा था। ❑

(स्वतंत्र पत्रकार)

RAO IAS

THE MOST POPULAR INSTITUTE FOR IAS AND PCS

14/1, स्टैनली रोड, (लोक सेवा आयोग के सामने), इलाहाबाद फोनः 2601624

पत्राचार कोर्स एवं क्लास कोचिंग, छात्रावास उपलब्ध

हिन्दी माध्यम

IAS/PCS (Pre & Main) बैच 11 नवम्बर से

भूगोल विजय कुमार मिश्र

वैकल्पिक विषय (Pre & Main) द्वारा

- नवीनतम परीक्षा प्रणाली के अनुसार विषय की तैयारी
- 500 से अधिक मानचित्रों का अभ्यास
- प्रतिदिन होमवर्क तथा उनका सूक्ष्मता से परीक्षण
- सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पर भरपूर अध्ययन सामग्री
- पाँच महीने का गहन शिक्षण एवं प्रशिक्षण
- अभ्यास हेतु वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियाँ, नियमित टेस्ट
- सर्वोत्तम शिक्षण परिवेश

विषय उपलब्ध :- सामान्य अध्ययन और निबन्ध, इतिहास, लोक प्रशासन, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र,

विवरण पुस्तिका हेतु रू० 50/- M.O. से भेजें

SATYA

IAS/PCS 2003-04

छत्तीसगढ़, एवं उ.प्र. स्पेशल

भूगोल एवं सामान्य अध्ययन

(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम)

द्वारा **सरोज कुमार एवं अन्य विशेषज्ञ**

अन्य उपलब्ध विषय : इतिहास, लोक प्रशासन, समाज शास्त्र एवं दर्शन शास्त्र

नया बैच : 5 एवं 20 नवम्बर

फाउण्डेशन कोर्स–लक्ष्य : 2004

(प्रारम्भिक एवं मुख्य)

हमारी उपलब्धियाँ

भारतीय सिविल सेवा 2002

प्रथम 27 में 8 चयनित कुल सफलतम छात्र (प्रा./मुख्य/साक्षात्कार) 45

प्रांतीय सिविल सेवा

उत्तर प्रदेश : 103 राजस्थान : 23 मध्य प्रदेश : 27 बिहार : 89

निःशुल्क कार्यशाला (प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा)

3 नवम्बर 2003 : भुगोल प्रातः 10.30 बजे
4 नवम्बर 2003 : सामान्य अध्ययन प्रातः 10.30 बजे
5 नवम्बर 2003 : लोक प्रशासन प्रातः 10.30 बजे
5 नवम्बर 2003 : समाज शास्त्र अपराहन 2.30 बजे
6 नवम्बर 2003 : दर्शन शास्त्र प्रातः 10.30 बजे
6 नवम्बर 2003 : इतिहास अपराहन 2.30 बजे

अधिक जानकारी के लिए रु 50/– DD द्वारा सरोज कुमार के नाम से निम्न पते पर भेजें या डॉ. वीना शर्मा से निम्न पते पर सम्पर्क करें

SAROJ KUMAR'S IAS ERA

1/9, Roop Nagar, G .T.Karnal Road,Near Shakti Nagar, Above Punjab National Bank, Near Shakti Nagar Red Light, Delhi-7.
Tel : (O) 011-23842311, 011- 23847516 Mobile : 9811285863

पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध : सामान्य अध्ययन, भूगोल, समाज शास्त्र एवं लोक प्रशासन

नोट : हमारी कोई अन्य ब्रांच नहीं है

झारखंड में तसर रेशम उद्योग की दशा एवं दिशा

○ ललन कुमार चौबे
○ गार्गी

भारत में तसर रेशम का जो उत्पादन होता है उसमें झारखंड राज्य अग्रणी भूमिका निभाता है। एक अध्ययन के अनुसार झारखंड की तीस जनजातियां इस उद्योग से जुड़ी हुई हैं। इसका कारण इस उद्योग का वनों पर आधारित होना है। इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि वनों से इन आदिवासियों को खास तौर पर गहरा लगाव है। लेकिन हाल के कुछ वर्षों में कतिपय कारणों से तसर रेशम के उत्पादन में लगातार गिरावट आई है और इसे दूर करने की आवश्यकता है।

भारतीय रेशम उद्योग में तसर रेशम का महत्वपूर्ण योगदान है। यद्यपि स्थूल रूप में रेशम शब्द का अर्थ गैर–शहतूती रेशम के रूप में लिया जाता रहा है परंतु गैर–शहतूती कीटों से तैयार रेशम में तसर का स्थान इसलिए उल्लेखनीय है कि कुल उत्पादन में इसका योगदान सर्वाधिक है। झारखंड राज्य के परिप्रेक्ष्य में इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है क्योंकि तसर रेशम् उद्योग आदिवासियों का परंपरागत उद्योग है एवं इनकी संस्कृति से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। भले ही रेशम उद्योग का लिपिबद्ध वैज्ञानिक साहित्य ज्यादा पुराना नहीं है परंतु इसका इतिहास प्राचीन है। फुटकर रूप में कृमिजन्य धागों से बनी जो मोतीजड़ी साड़ी मिली थी वह रेशम की ही थी। कालान्तर में हिन्दी के प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरों ने भी अपनी कविताओं में उन्नत किस्म के रेशम का उल्लेख किया है। इन तथ्यों से इस उद्योग की प्राचीनता का बोध होता है। भारत में तसर रेशम का जो उत्पादन होता है उसमें झारखंड राज्य अग्रणी भूमिका निभाता है। एक अध्ययन के अनुसार झारखंड की तीस जनजातियां इस उद्योग से जुड़ी हुई हैं। इसका कारण इस उद्योग का वनों पर आधारित होना है। इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि वनों से इन आदिवासियों को खास तौर पर गहरा लगाव है।

झारखंड राज्य का क्षेत्रफल 79,714 वर्ग कि.मी. एवं इसकी आबादी 2,18,43,911 है। यहां प्रतिवर्ग कि.मी. जनसंख्या का घनत्व 274 व्यक्ति है। कुल 23,253 वर्ग कि.मी. में जंगल फैले हुए हैं जिनमें जनजाति समुदाय के 60,44,010 लोग इस उद्योग में लगे हुए हैं। अगर प्रतिशत में इन तथ्यों को व्यक्त किया जाए तो कहा जा सकता है कि पूरे राज्य का 29.3 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है एवं 27.66 प्रतिशत आबादी इनमें निवास करती है। यह उचित होगा कि झारखंड में तसर उद्योग की स्थिति को सही ढंग से दर्शाने के लिए झारखंड में जिलावार वन क्षेत्र एवं जनजातीय आबादी का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाए। यह ब्यौरा तालिका में दर्शाया गया है (तालिका–1)।

लेकिन हाल के कुछ वर्षों में कतिपय कारणों से तसर रेशम के उत्पादन में लगातार गिरावट आई है और इसे दूर करने की आवश्यकता है। यहां तसर उद्योग की स्थिति पर व्यापक विचार–विमर्श करने हेतु विभिन्न योजनावधि में झारखंड राज्य में हुए तसर रेशम उत्पाद का विवरण तालिका–2 में दर्शाया गया है।

उद्योग की संभावनाएं

उल्लेखनीय है कि झारखंड देश का प्रमुख तसर उत्पादक राज्य है जहां 60 हजार कीटपालक परिवार तसर संवर्धन में लगे हुए हैं एवं एक आंकड़े के अनुसार वर्ष 1992–93 के दौरान 265 मीट्रिक टन तसर रेशम का उत्पादन हुआ। इस राज्य में कुल 73 हजार करघे चल रहे हैं

जिनमें 10.5 प्रतिशत रेशम धागे का उपयोग हो रहा है। अगर उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाए तो तसर कोसों, धागों एवं वस्त्रों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इस उद्योग को समृद्ध करने से राज्य में न सिर्फ आर्थिक उन्नति लाई जा सकती है अपितु पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी में वांछित सुधार भी संभव हो सकता है। इतना ही नहीं इससे वानिकी एवं कुटीर उद्योगों के विकास का नया द्वार भी खुलेगा। कोसा उत्पादक जिन्हें आमतौर पर तसर रेशम कीटपालक के रूप में जाना जाता है, की संख्या राज्य में लगभग 60 हजार है जो पूरे देश के कीटपालकों के 50 प्रतिशत के बराबर है। रोचक तथ्य यह है कि तसर रेशम उद्योग से न केवल घरेलू बाजार की आवश्यकताओं की पूर्ति होती अपितु इससे प्रति वर्ष 15–40 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा का अर्जन भी होता है। गौर करने लायक है कि झारखंड में उद्योग एवं खनन की व्यापक संभावनाएं हैं परंतु लंबे समय तक अर्थव्यवस्था को सुस्थिर रखने के लिए सिर्फ ये ही पर्याप्त नहीं हैं। बदलते परिवेश में वन संपदा एवं पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण नियोजन एवं बंजर भूमि का उचित उपयोग तथा कुटीर उद्योगों की स्थापना की दृष्टि से तसर उद्योग पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।



तसर भोज्य पौधे

झारखंड के वनों में साल एवं आसन के पेड़ बहुतायत से मिलते हैं जो तसर रेशम कीट के प्रमुख भोज्य पौधे हैं इसके अतिरिक्त तसर रेशमकीट के गौण भोज्य पौधे भी आसानी से इन वनों में उपलब्ध हैं। राज्य की अप्रयोज्य बंजर भूमि पर तसर भोज्य पौधों को लगाकर, वनाच्छादित कर तसर रेशम कीटपालन किया जा सकता है। ऐसा करने से बेरोजगार श्रम शक्ति का उचित उपयोग हो सकेगा एवं तसर उद्योग के माध्यम से लाखों लोगों को रोजगार देकर विकास की मुख्यधारा में लाया जा सकता है। इसी प्रकार रेशम कीटपालन में लगाए गए लोगों के अनुपात में कोसोत्तर प्रक्रियाओं में भी लोगों को शामिल किया जा सकता है। ऐसा कर नवसृजित राज्य में बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने का सुनहरा अवसर दिया जा सकता है।

तसर की खेती आय का एक अच्छा साधन है एक अध्ययन के अनुसार एक कृषक परिवार 200 रोगमुक्त चकत्ते का कीटपालन कर 6000–10,000 वाणिज्यिक कोसों की उगाही कर सकता है जिससे उसे नान फार्मिंग सीजन (खेती खलिहानी के लिए अनुपयुक्त समय) के 50 दिनों की अवधि में 4800 से 8000 रुपए तक की आय हो सकती है। यह वैयक्तिक स्तर पर किए गए प्रयासों से संभावित आय है। यदि सामूहिक रूप से इस कार्य में जुटा जाए और सामूहिक बीजागार की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जाए तो इससे आय में और बढ़ोत्तरी हो सकती है।

पूर्व में तसर रेशम उत्पादन पूर्णतः वनों पर आधारित था परंतु विगत कुछ वर्षों से तसर रेशमकीट भोज्य पौधों के 4′–4′ अथवा 6′×6′ दूरी पर सघन उद्यान लगाने की पद्धति न केवल तसर रेशमकीट बीज फार्मों वरन कृषक स्तर पर भी अपनाई जा रही है। तसर रेशमकीट भोज्य पौधों के सघन ग्रामों के आस–पास की खाली भूमि एवं कृषकों की खेती योग्य भूमि में भी लगाए जा सकते हैं। तसर रेशमकीट खाद्य पौधे सड़कों, रास्तों के किनारे भी सामाजिक वानिकी कार्यक्रम के अंतर्गत लगवाए जाने चाहिए। झारखंड राज्य में निम्नकोटि, बंजर भूमि एवं झाड़ीनुमा जंगलों में तसर रेशमकीट भोज्य पौधे, वन रोपण कार्यक्रम के तहत लगवाए जा सकते हैं। जनसंख्या में तेजी से वृद्धि होने के कारण प्रति व्यक्ति कृषि योग्य भूमि की उपलब्धता में कमी हुई है। वर्तमान परिस्थितियों में यह अपरिहार्य हो गया है कि प्रति इकाई भूमि से होने वाली पैदावार एवं आय को बढ़ाया जाए। एक अनुमान के अनुसार सन 2002 में प्रति व्यक्ति उपलब्ध कृषि योग्य भूमि सिमटकर केवल 0.2 हेक्टेयर के आस–पास पहुंच गई है जो कि दो दशक पूर्व लगभग 0.34 हेक्टेयर थी। ऐसी विकट परिस्थिति में मिश्रित खेती एक अनिवार्यता हो गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर होने वाले पलायन को भी रोका जा सकेगा। वर्तमान परिस्थितियों में मिश्रित खेती एक

आशाजनक विकल्प है। तसर रेशमकीट पालन के साथ–साथ अन्य बहुपयोगी फसलों यथा – दालों, अनाजों, सब्जियों आदि की मिश्रित खेती द्वारा न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है अपितु धनाढ्यों से गरीबों की ओर होने वाले पूंजी प्रवाह को भी बढ़ाया जा सकता है। तसर रेशम उत्पादन की आधुनिक तकनीक का व्यापक प्रचार–प्रसार करने से न सिर्फ तसर रेशम प्राप्ति हेतु वनों पर निर्भरता कम होगी अपितु जलावन तथा चारे की समस्या का भी समाधान होगा। इसके अतिरिक्त कुछ तसर भोज्य पौधे यथा – हर्रा (टर्मिनेलिया चेबुला) व बहेड़ा (टर्मिनेलिया बेलेरिका) सुप्रसिद्ध औषधि 'त्रिफला' के दो अवयव हैं। अन्य तसर भोज्य पौधों के भी अनेकानेक औषधीय व वाणिज्यिक गुणों का दोहन करके अतिरिक्त लाभ कमाया जा सकता है। रेशमकीटों के उत्सर्ग के भूमि पर गिरने एवं उनके विघटन से मृदा की पोषक तत्वों की प्राप्ति से भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होती है।

भारत के ग्रामीण क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रेशम उद्योग शृंखलाबद्ध वाणिज्यिक गतिविधियों द्वारा ग्रामीण लोगों के लिये रोजगार उपलब्ध करवाता है। तसर रेशम उत्पादन श्रम आधारित है जिसमें अनेकों

तालिका–1

झारखंड में जिलावार वन क्षेत्र एवं जनजातीय आबादी

